दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 66 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | बुधवार, 07 जनवरी 2026 | माघ माह, कृष्ण पक्ष पंचमी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

## जयपुर में राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026




### एआई जीवन का अभिन्न अंग बनेगा, जन-जन तक पहुंचेगी कंप्यूट सुविधा- केन्द्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव

केन्द्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय में मानव जीवन का अभिन्न अंग बनेगा और हर व्यक्ति, हर घर तथा हर उद्यम तक इसकी पहुंच होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में एआई को समावेशी, सुलभ और जनोपयोगी बनाने की दिशा में ठोस और दूरदर्शी कदम उठाए जा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कम समय में भारत ने एआई मशीनों और तकनीक के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है और आज देश की एआई क्षमताएं विश्व स्तर पर चर्चित है।

# प्रदेश में स्टार्टअप के लिए बेहतर ईकोसिस्टम विकसित कर रही हमारी सरकार : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्तमान सदी में मानवता के लिए एक नया कोड-एक नई भाषा लिख रहा है। उन्होंने एआई को प्रदेश की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण घटक बताते हुए कहा कि इसके विवेकपूर्ण उपयोग से सरकार ई-गवर्नेंस और डिजिटल समावेशन को और अधिक व्यापक एवं जन केन्द्रित बना रही है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को जयपुर के जेईसीसी में आयोजित राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि सहित अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन लाकर लोगों के जीवन को बेहतर बना रहा है और विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने उद्यमियों, निवेशकों और युवाओं को एआई के उभरते क्षेत्र में सहभागी बनने के लिए राजस्थान में आमंत्रित भी किया। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश एआई के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री का मानना है कि एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि 21वीं सदी में राष्ट्रीय शक्ति और समृद्धि का आधार है। एआई देश की नीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और सामाजिक संरचना को बेहतर स्वरूप दे रहा है।

### एआई-एमएल पॉलिसी से नवाचार को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तकनीक और स्टार्टअप के सशक्त इकोसिस्टम के निर्माण के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार द्वारा लाई गई एआई-एमएल पॉलिसी से एआई सिस्टम अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और निजता-संरक्षण के प्रति जवाबदेह बनेंगे। इस नीति से सार्वजनिक सेवा वितरण अधिक त्वरित, नागरिक-केंद्रित और पारदर्शी होगा तथा प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि एआई से जुड़े साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग और समाधान की प्रक्रिया सरल की जाएगी, प्रदेश में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित होगा तथा स्कूलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक और कॉलेजों में एआई शिक्षा को प्रोत्साहन दिया जाएगा। उद्योग, स्टार्टअप और रिसर्च संस्थानों को भी विशेष प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे।

### डिजिफेस्ट स्टार्टअप्स के लिए ग्लोबल गेटवे

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिफेस्ट ने स्टार्टअप्स को निवेशकों से, विद्यार्थियों को अवसरों से और उद्योग को सरकार से जोड़ डिजिटल राजस्थान का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन स्टार्टअप्स के लिए ग्लोबल गेटवे साबित हो रहे हैं, जहां फंडिंग के साथ-साथ विश्वस्तरीय मेंटर्स का मार्गदर्शन भी मिल रहा है। एआई-एमएल, फिनटेक, एग्रीटेक, एआर-वीआर और प्रॉपटेक जैसे क्षेत्रों में विचार-विमर्श से नए अवसरों के द्वार खुल रहे हैं।

# सरकार ने हाईकोर्ट में कहा-एसआई भर्ती रद्द करना गलत

### एकलपीठ ने नियम दरकिनार किए, जांच एजेंसी सही और गलत की छंटनी करने में सक्षम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 मामले में हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में सुनवाई में सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने कहा- सिंगल बेंच में दायर याचिका मेंटेनेबल ही नहीं थी। सिंगल बेंच ने इसे दरकिनार कर मेरिट पर सुनवाई करते हुए भर्ती को रद्द करने का फैसला सुनाया। याचिकाकर्ताओं ने आरपीएससी के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा और अन्य आरोपियों के खिलाफ दायर ईडी की चार्जशीट को रिकॉर्ड पर लेने के लिए हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर किया है।

एसआई भर्ती रद्द करने और आरपीएससी के सदस्यों के खिलाफ की गई एकलपीठ की टिप्पणियों के खिलाफ दायर अपीलों पर हाईकोर्ट की खंडपीठ सुनवाई कर रही है। ऐसे में एकलपीठ के याचिकाकर्ताओं ने खंडपीठ के समक्ष प्रार्थना पत्र दायर करके कहा कि ग्रेड सेकेंड टीचर भर्ती-2022 में पेश ईडी की चार्जशीट में पेपर लीक और आरपीएससी सदस्यों की कार्यशैली को लेकर कई खुलासे हुए हैं।

# महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष ने रितेश देशमुख से माफी मांगी

### कहा था- विलासराव की यादें मिटा देंगे; एक्टर बोले- पापा का नाम लोगों के मन में दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने पूर्व सीएम विलासराव देशमुख पर अपनी टिप्पणी को लेकर उनके बेटों से माफी मांगी है। रवींद्र चव्हाण ने मंगलवार को कहा- मेरी टिप्पणी राजनीतिक मकसद से नहीं थी।अगर इससे दिवंगत नेता के बेटे की भावनाएं आहत हुई हैं तो वह उनसे माफी मांगते हैं। दरअसल, रवींद्र चव्हाण ने सोमवार को लातूर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि आपका उत्साह देखकर मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं कि विलासराव देशमुख की यादें इस शहर से मिट जाएंगी। विलासराव के बड़े बेटे और कांग्रेस नेता अमित देशमुख ने बयान की निंदा करते हुए कहा कि किसी बाहरी व्यक्ति के कहने से उनके पिता की यादें नहीं मिट सकतीं। पूर्व ष्टरूके छोटे बेटे और एक्टर रितेश देशमुख ने भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को जवाब दिया।




# राजस्थान में सर्दी के चलते 25 जिलों में स्कूल बंद

### जोधपुर में स्कूलों का टाइम बदला; कोहरे-ठंड से 2 मौत, गाड़ियां टकराईं, ट्रेनें-फ्लाइट लेट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मंगलवार को सीजन का सबसे घना कोहरा और कड़ाके की सर्दी रही। जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर सहित 15 से ज्यादा जिलों में सुबह 10 बजे तक घनी धुंध रही। भरतपुर के गहनौली में सुबह 8 बजे कोहरे के कारण एक ट्रेलर ने महिला को कुचल दिया। हादसे से गुस्साए लोगों ने मेगा हाईवे जाम कर दिया था। वहीं, जयपुर के चौमूं एक स्कॉर्पियो और ईको कार में टक्कर हो गई थी। हादसे में 2 लोग घायल हुए। श्रीगंगानगर में भी बस और कार की भिड़ंत हो गई। वहीं, जोधपुर के लूणी स्टेशन पर एक साधु की डेडबॉडी मिली। आशंका है कि वृद्ध ने ठंड के कारण दम तोड़ दिया। इधर, धुंध के कारण उदयपुर और जयपुर में एयरलाइंस कंपनियों ने ट्रैवल एडवाइजरी भी जारी की है।

जयपुर सहित कई जिलों में 15 से ज्यादा ट्रेनें 3 घंटे तक लेट चली। वहीं, प्रदेश के 25 जिलों में 8वीं क्लास तक स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी। कई जिलों में स्कूलों का टाइम भी बदला।

### कोहरे के कारण अजमेर वंदे भारत 3 घंटे लेट:15 से ज्यादा ट्रेनों का संचालन प्रभावित, अजमेर सियालदाह कैंसिल

राजस्थान में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का असर ट्रेनों के संचालन पर भी पड़ रहा है। अलग-अलग राज्यों में घने कोहरे के कारण कई ट्रेनों का शेड्यूल बिगड़ा है। जयपुर आने-जाने वाली ट्रेनें भी लेट हो रही है। कोहरे के कारण देश की हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत भी देरी से चल रही है। अजमेर से चंडीगढ़ जाने वाली ट्रेन नंबर 20977 लगभग 3 घंटे की देरी से चल रही है। वहीं ट्रेन नंबर 12988 अजमेर सियालदह आज कैंसिल कर दी गई है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मुंबई, जम्मू-कश्मीर और पंजाब की ओर से जयपुर पहुंचने और जयपुर से जाने वाली कई ट्रेनें 2 से 3 घंटे तक की देरी से चल रही हैं। कोहरे के कारण 15 से ज्यादा ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। दयोदय एक्सप्रेस, भोपाल जोधपुर एक्सप्रेस, जम्मूतवी अजमेर, रणथंभौर एक्सप्रेस और लालगढ़- प्रयागराज सुपरफास्ट एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें तय समय से काफी देर से चल रही हैं।

# दो हफ्ते में दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के कारण बताएं

### सुप्रीम कोर्ट बोला- एक्सपर्ट के साथ बैठक करे सीएक्यूएम



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली में बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर गंभीर चिंता व्यक्त की और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को समाधान सुझाने से पहले बिगड़ते वायु गुणवत्ता सूचकांक के प्रमुख कारणों की तत्काल पहचान करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से संबंधित कई याचिकाओं की सुनवाई करते हुए, भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि स्पष्ट निदान के बिना, उपचारात्मक उपाय अप्रभावी रहेंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने सीएक्यूएम को संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों की सूची तैयार करने और दो सप्ताह के भीतर एक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि सर्वसम्मति से दिल्ली के वायु प्रदूषण के प्रमुख कारणों का निर्धारण किया जा सके। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि सीएक्यूएम का यह कर्तव्य है कि वह विभिन्न संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर व्यापक और आंकड़ों पर आधारित मूल्यांकन करे। अदालत ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निष्कर्षों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। अपनी भूमिका स्पष्ट करते हुए, पीठ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय वायु प्रदूषण पर स्वयं को सर्वोच्च विशेषज्ञ के रूप में स्थापित नहीं करेगा, बल्कि यह सुनिश्चित करेगा कि विशेषज्ञों द्वारा निर्देशित निर्णय समय पर और पारदर्शी तरीके से लिए जाएं।

# चांदी 2.45 लाख के ऑल टाइम हाई पर

### 7,725 महंगी हुई, सोना 492 बढ़कर 1.37 लाख पर पहुंचा




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चांदी 6 जनवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, सुबह कारोबार के दौरान एक किलो चांदी की कीमत 7,725 रुपए बढ़कर 2,44,788 रुपए हो गई है। वहीं कारोबार बंद होने पर ये 6087 रुपए बढ़कर 2,43,150 रुपए पर आ गई। एक दिन पहले इसकी कीमत 2,37,063 रुपए किलो थी। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 492 रुपए बढ़कर 1,36,660 रुपए पर पहुंच गया है।




# ट्रम्प बोले- मोदी मेरे अच्छे दोस्त, लेकिन मुझसे खुश नहीं

### वजह भारत पर 50% टैरिफ; दावा- मोदी मिलने आए, पूछा- सर क्या आपसे मिल सकता हूं

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि पीएम मोदी उनसे ज्यादा खुश नहीं हैं, क्योंकि वॉशिंगटन ने रूसी तेल खरीदने की वजह से दिल्ली पर 50% टैरिफ लगाया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ट्रम्प ने यह बात मंगलवार को वॉशिंगटन में हाउस रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों की बैठक में कही। ट्रम्प ने यह भी कहा- पीएम मोदी खुद मुझसे मिलने आए थे। वह मेरे पास आए और बोले- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं? और मैंने कहा- हां। हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि यह सारी बातचीत कब और कहां हुई। ट्रम्प ने कहा- अपाचे हेलिकॉप्टर की वजह से भारत कई सालों से मेरे पास आ रहा था। हम इसे बदल रहे हैं। भारत ने 68 अपाचे हेलिकॉप्टरों का ऑर्डर दिया है। मेरे उनके (पीएम मोदी) साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं। अब उन्होंने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक कम कर दिया है। ट्रम्प ने भारत पर कुल 50% टैरिफ लगाया है, जिसमें से 25% एक्स्ट्रा टैरिफ रूस से तेल खरीदने की वजह से लगाया गया है।



### ट्रम्प ने कहा था- मोदी मुझे खुश करना चाहते हैं

ट्रम्प ने भारत के रूस से तेल आयात कम करने को लेकर बयान दिया था। ट्रम्प ने कहा था कि भारत ने यह फैसला उन्हें खुश करने के लिए लिया। ट्रम्प ने कहा था-वे मुझे खुश करना चाहते थे। प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं। वह जानते थे कि मैं खुश नहीं था, इसलिए मुझे खुश करना जरूरी था। हम व्यापार करते हैं और उन पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार बन गया था। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया था कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन पर हो रहे हमलों को फंड कर रहा है।

### दावा- भारतीय राजदूत ने 25% टैरिफ हटाने की अपील की

ट्रम्प के साथ मौजूद अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कल दावा किया था वह करीब एक महीने पहले भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा के घर गए थे। उस मुलाकात में सबसे ज्यादा चर्चा भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद कम करने को लेकर हुई थी।

उन्होंने बताया कि भारतीय राजदूत ने उनसे राष्ट्रपति ट्रम्प तक यह संदेश पहुंचाने को कहा था कि भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाया जाए।

# थाने से चंद कदम दूर चोरी से हड़कंप

## प्रागपुरा में फूटा जनाक्रोश

### टायर जलाकर सड़क जाम, विधायक व पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )** । कस्बे में कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए चोरों ने पुलिस थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर एक ही रात में चार दुकानों के ताले तोड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। यह सनसनीखेज वारदात प्रागपुरा बड़ी पुलिया-नारायणपुर मोड़ के उस व्यस्त मार्ग पर हुई, जहां दिन-रात जोधपुरा, भांकरी, कारोली होते हुए नारायणपुर सहित अनेक गांवों का आवागमन बना रहता है। इसके बावजूद चोरों का बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देना पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

चोरों ने नारायणपुर मोड़ स्थित हरिओम जनरल स्टोर, श्रीश्याम मिष्ठान भंडार, एम.एस. मोबाइल शॉप और मानवी हेल्थ केयर मेडिकल को निशाना बनाया। रात के अंधेरे में ताले व शटर के कुंदे तोड़कर दुकानों में घुसे चोर नकदी लेकर फरार हो गए। हरिओम जनरल स्टोर के मालिक विक्रम सिंह शेखावत ने करीब 10 हजार रुपये चोरी होने की जानकारी दी। वहीं श्रीश्याम मिष्ठान भंडार के संचालक शीशपाल सैनी के अनुसार करीब 35 हजार रुपये की नकदी चुरा ली गई। एम.एस. मोबाइल शॉप के संचालक ईश्वर सैनी ने 28 हजार रुपये तथा मानवी हेल्थ केयर मेडिकल के संचालक अंकित सिंघल ने लगभग 22 हजार रुपये नकदी चोरी होने की बात कही।

सुबह जब दुकानदार रोजाना की तरह दुकानें खोलने पहुंचे तो टूटे ताले, उखड़े शटर और बिखरा सामान देखकर दंग रह गए। एक-एक कर चोरी की जानकारी सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश फैल गया।

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आक्रोशित व्यापारियों और ग्रामीणों ने नारायणपुर मोड़ पर सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर विरोध जताया और पुलिस प्रशासन के साथ-साथ क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। लोगों का आरोप था कि रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होने के कारण चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। सूचना मिलने पर प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम मय पुलिस जाप्ते मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से समझाइश की। काफी मशक्कत के बाद जले हुए टायरों पर पानी डालकर सड़क मार्ग सुचारू कराया गया।

थाना प्रभारी भजनाराम ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लिया गया है, आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा जल्द ही वारदात का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। व्यापारियों और ग्रामीणों ने मांग की है कि इलाके में स्थायी पुलिस गश्त, सीसीटीवी निगरानी को मजबूत किया जाए और चोरी की घटनाओं पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई हो। फिलहाल मामला पुलिस के संज्ञान में है, अब देखना यह है कि पुलिस कितनी शीघ्र इस चोरी की वारदात का खुलासा कर कस्बे की कानून-व्यवस्था पर उठे सवालों का जवाब देती है।

## नव वर्ष पर चतुर्स्वरूप धाम दुर्गा मंदिर में भजन संध्या का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ श्रीकरणपुर में नव वर्ष के उपलक्ष में रविवार शाम चतुर्स्वरूप धाम दुर्गा मंदिर, में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर पुजारी रामस्वरूप शास्त्री द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक विक्की चावला एवं केसरी सेवा समिति केसरीसिंहपुर की भजन मंडली के अध्यक्ष अशोक धुडिया, श्याम कुक्कड़, घनश्याम सोमानी व शेखू भवानी ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं दुर्गा महिला मंडली की अध्यक्ष डिम्पल सिंगला सहित इंदु बंसल, सुनीता मुंजाल, शैली वाट्स, सीमा भठेजा व नीतू नागपाल ने धार्मिक भजन गाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित धार्मिक प्रश्नोतरी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। श्रीराम सेवा समिति के सेवादार महावीर जांगिड़, दौलत राम, अवि मुंजाल एवं विक्की ठक्कर ने चाय-बिस्कुट वितरण की सेवा संभाली। इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सचिव विनय गर्ग, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष जितेंद्र जिंदल सहित अजय गुप्ता, सीताराम गुप्ता, विनोद बंसल, लक्ष्मण दास बंसल व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भजन संध्या के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा और भक्तों ने नव वर्ष का स्वागत श्रद्धा एवं भक्ति भाव से किया।

## बार संघ श्रीकरणपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

### पूर्व अध्यक्ष ने सौंपा कार्यभार

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** श्रीकरणपुर में बार संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बार रूम के सभाहाल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बार संघ श्रीकरणपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जसकरण गोदारा, उपाध्यक्ष सतनाम सिंह बराड़, सचिव विनय गर्ग व कोषाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बडिंग ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। पूर्व अध्यक्ष ने सौंपा कार्यभार बार संघ श्रीकरणपुर के पूर्व अध्यक्ष दलजीत सिंह बराड़ ने बार संघ श्रीकरणपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जसकरण गोदारा को कार्यभार सौंपा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जसकरण गोदारा ने एडवोकेट जगदीप सिंह बराड़ को महासचिव और एडवोकेट इंद्राज सेजु को बार संघ के सहसचिव पद पर नियुक्त किया।



#### न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति

इस अवसर पर एडीजे श्याम कुमार व्यास,एसीजेएम मुकुल गहलोत और एसडीएम श्योराम सहित बार संघ श्रीकरणपुर के सभी सदस्य मौजूद रहे। न्यायिक अधिकारियों ने बार संघ श्रीकरणपुर की नई कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करवाई।

#### नई कार्यकारिणी के लिए शुभकामनाएं

नवनिर्वाचित अध्यक्ष जसकरण गोदारा और उनकी टीम को बधाई देते हुए न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि वे बार संघ को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर बार संघ के सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

#### नवनिर्वाचित अध्यक्ष का संबोधन

बार संघ श्रीकरणपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जसकरण गोदारा ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुये सभी का उन्हें बार संघ श्रीकरणपुर का अध्यक्ष चुनने पर आभार जताते हुये कहा कि वह बार संघ के सदस्यों को आने वाली समस्याओं का सभी से मिलजुल कर हल करेंगे।

## शहीद सूबेसिंह की 26वीं पुण्यतिथि पर भांकरी में श्रद्धांजलि सभा, देशभक्ति से गूंज उठा स्मारक परिसर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** ग्राम भांकरी स्थित शहीद सूबेसिंह स्मारक पर अमर शहीद सूबेसिंह की 26वीं पुण्यतिथि मंगलवार को श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति के भावों के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, गणमान्य नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता कर शहीद को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान वीरांगना श्रीमती सूनी देवी, महेंद्र शर्मा गुरुजी, राजेश औला, भूपेंद्र गढ़वाल, कृष्ण धनखड़, राकेश धनखड़ सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। सभी ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। रेडिएंट ग्लोबल स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी रणजीत स्वामी के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत नारों और जयकारों के माध्यम से वीर शहीदों को सलामी दी।

## वाहन रैली से दिया सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश

**सिरोही ( नि.स. )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शहर में मंगलवार को वाहन रैली निकाली गई। जिला परिवहन कार्यालय व यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रैली से सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। रैली को जिला परिवहन अधिकारी अक्षमिता राठौड़ ने अम्बेड़कर सर्किल से रवानगी दी। वाहन रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस अम्बेड़कर सर्किल पहुंच कर विसर्जित हुई। दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने व चौपहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट पहनने का संदेश दिया गया। परिवहन निरीक्षक मनीष खत्री, यातायात पुलिस प्रभारी राजेश रावल, कोतवाली से एएसआई सचेन्द्र रत्नू समेत कई लोग मौजूद रहे।

## देश भर के ब्यूटी आर्टिस्ट व एक्सपर्ट उदयपुर में, आज हेयर एंड ब्यूटी फेडरेशन इंडिया के पहले अधिवेशन में करेंगे मंथन

### केश कला बोर्ड, नकली उत्पादों के खिलाफ जाग्रति, एजुकेशन व स्वास्थ्य सहित कई मुद्दों पर होगी चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** देश भर के ब्यूटी व हेयर एक्सपर्ट क्षेत्र के कई जाने माने आर्टिस्ट मंगलवार को उदयपुर पहुंच चुके हैं। यहां बुधवार को हेयर एंड ब्यूटी फेडरेशन इंडिया का पहला राष्ट्रीय अधिवेशन मंथन के नाम होने जा रहा है, जिसमें केश कला बोर्ड, नकली उत्पादों के खिलाफ जाग्रति, एजुकेशन व स्वास्थ्य सहित कई मुद्दों पर राष्ट्रीय स्तर की चर्चा होगी। मंगलवार को प्रमुख आर्टिस्ट हरीश भाटिया, सावियो जॉन परेरा, श्याम भाटिया, उदय टक्के, नीता पारेख सहित कई जानी मानी हस्तियां उदयपुर पहुंची।

हेयर एंड ब्यूटी फेडरेशन इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय टक्के ने बताया कि देश भर के सौ से ज्यादा ब्यूटी, मेकअप, हेयर स्टाइल क्षेत्रों से जुडी एसोसिएशन को मिलाकर हेयर एंड ब्यूटी फेडरेशन इंडिया का गठन कोविड काल में किया गया था जब इस हेयर और ब्यूटी व्यवसाय को भी कई सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पालीवाल ने बताया कि अधिवेशन के पहले सत्र में उद्घाटन कार्यक्रम होगा और उसके बाद फेशन शो आयोजित होगा। इसमें देश भर की करीब 15 मॉडल ब्यूटी व क्रियेटिव हेयर स्टाइल का प्रदर्शन करेंगी। अधिवेशन के दूसरे सत्र में फेडरेशन द्वारा तय किए गए 13 विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे।

मंगलवार को फेडरेशन के उपाध्यक्ष उदय टक्के व सावियो जॉन परेरा, जोइंट सेंक्रेटी नीता पारेख, कोषाध्यक्ष विपिन दबास, बॉलीवुड मेकअप आर्टिस्ट हरीश भाटिया व श्याम भाटिया पत्रकारों से मुखातिब हुए। उन्होंने बताया कि असंगठित क्षेत्र का यह व्यवसाय अब संगठित रुप से फेडरेशन का गठन कर आगे बढ रहा है। असंगठित होने से इस क्षेत्र में कई सारी चुनौतियां है जिसके लिए फेडरेशन गांव स्तर तक के हेयर डेसर व ब्यूटी आर्टिस्टों को एक मंच पर लाएगा।

## छात्रों ने श्रमदान से शुरू किया शिविर



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** पिण्डवाड़ा के ट्रिनिटी शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का पांच दिवसीय ओपन एयर सेशन शुरू किया गया। मुख्य अतिथि जगदीशसिंह आढ़ा रहे। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान किया गया। इसमें छात्रों व शिक्षकों ने उत्साह से भाग लेकर सामाजिक दायित्व का संदेश दिया। कार्यक्रम प्रभारी नैनाराम ठाठिया ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में समुदाय से जुड़ाव, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, सहयोग की भावना व नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुर्जर ने विद्यार्थियों से शिविर की सभी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

## सिरोही के आदिवासी क्षेत्र की महत्ती जरूरतें बताई

### डिजिफेस्ट में सहभागी बनीं जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान




**सिरोही ( नि.स. )।** जयपुर में आयोजित राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट 2026 के तीसरे दिन मंगलवार को जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने भी सहभागिता की। उन्होंने सिरोही जिले के आदिवासी क्षेत्र की महत्ती जरूरतों पर जानकारी दी तथा आदिवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाने सम्बंधी कार्यों पर बताया। उन्होंने फ्रॉम रूरल रूट्स टू इनोवेशन्स के सम्बंध में आयोजित सत्र में पैनल डिस्कशन में भाग लिया।

जिला कलक्टर ने इस दौरान सिरोही जिले से संबंधित विभिन्न विषयों से अवगत करवाया। साथ ही जिन क्षेत्रों में काम करने की महत्ती आवश्यकता है उन पर जानकारी साझा की। उन्होंने आदिवासी क्षेत्र में किए जा सकने वाले कार्यों पर बताया। उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए जो कार्य कर सकते हैं उन पर विस्तार से जानकारी दी। डिजिफेस्ट में मॉजूद प्रतिभागियों ने जब स्टार्टअप्स के क्षेत्र में सिरोही में काम करने के सम्बंध में दिलचस्पी दिखाई। जिस पर जिला कलक्टर चौधरी ने उन प्रतिभागियों को सिरोही में काम का न्योता दिया।

## 10 घंटे में ढाई करोड़ की चोरी का पर्दाफाश, प्रागपुरा पुलिस की बड़ी कामयाबी

### थानाप्रभारी भजनाराम के नेतृत्व में कॉपर चोरी गिरोह पकड़ा, तीन आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )** । प्रागपुरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए महज 10 घंटे के भीतर 2 करोड़ 58 लाख 12 हजार 500 रुपये मूल्य के कॉपर चोरी प्रकरण का खुलासा कर जिले में पुलिस की सक्रियता और कार्यकुशलता का मजबूत संदेश दिया है। इस हाई-प्रोफाइल चोरी मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर दो कंटेनर वाहनों सहित पूरा चोरी किया गया कॉपर बरामद कर लिया है। प्रागपुरा थानाप्रभारी भजनाराम के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण, आसूचना तंत्र और फील्ड इनपुट के आधार पर इस जटिल चोरी की गुत्थी सुलझाई। थानाप्रभारी भजनाराम ने बताया कि 4 जनवरी 2026 को परिवादी राजेश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसका ट्रक जनवरी को महेसाणा (गुजरात) से भिवाड़ी के लिए 2.58 करोड़ रुपये मूल्य का कॉपर लेकर रवाना हुआ था। 3 जनवरी की रात टोल प्लाजा के संदेश आने के बाद चालक अनिल सिंह शेखावत का मोबाइल बंद हो गया, जिससे संदेह गहरा गया।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान ट्रक प्रागपुरा क्षेत्र में ममता होटल से पहले खाली हालत में मिला, जबकि होटल के गार्ड ने बताया कि देर रात एक सफेद रंग की कार ट्रक के पीछे आई और चालक उसमें बैठकर चला गया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि चोरी पूर्व नियोजित साजिश के तहत की गई है। थानाप्रभारी भजनाराम ने कहा कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए हमने इसे चुनौती के रूप में लिया। टीम ने बिना समय गंवाए तकनीकी साक्ष्य, टोल



रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र के आधार पर कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप 10 घंटे में पूरा माल और आरोपी हमारे कब्जे में हैं। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई के निर्देश पर, एएसपी नाजिम अली खान के सुपरविजन और विराटनगर डीएसपी उमेश निठारवाल के निर्देशन में गठित टीम ने त्वरित दबिश देते हुए इरफान (37) पुत्र साजिद अली, निवासी वेलकम, दिल्ली, रिंकु बागड़ी (34) पुत्र श्रीपाल बागड़ी, निवासी तावड़ू, जिला नूंह (मेवात) और मिंटू उर्फ सुखबीर पुत्र रामेश्वर गुर्जर, निवासी बुरहेड़ा, थाना खुशखेड़ा, भिवाड़ी तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो कंटेनर वाहन सहित 2.58 करोड़ रुपये मूल्य का कॉपर बरामद किया है।

## कार में गांजा लेकर आ रहे चार जने गिरफ्तार

### आदिवासी क्षेत्र गोपालाबेड़ा में पुलिस कार्रवाई



**सिरोही ( नि.स. )।** रोहिड़ा थाना पुलिस ने आदिवासी क्षेत्र गोपालाबेड़ा में कार्रवाई करते हुए कार में गांजा ले जा रहे चार जनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जालोर में आहोर क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार गोपालाबेड़ा चौकी क्षेत्र के भूला चौराहे पर नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान कार नम्बर आरजे 14 सीए 1135 को रूकवाया गया। संदेह के आधार पर कार की जांच की गई। इसमें 19 किलो 660 ग्राम गांजा भरा मिला। पुलिस ने गांजा जब्त कर कार सवार आहोर निवासी मनोहरदास पुत्र जयरामदास, प्रवीणकुमार पुत्र भंवरदास वैष्णव, चरली-आहोर निवासी छगनलाल पुत्र खीमाराम प्रजापत, सनवाड़ा-चरली निवासी हितेशकुमार पुत्र निरंजनलाल गर्ग को गिरफ्तार कर लिया।

## हिन्दुस्तान जिंक के सखी और समाधान प्रोजेक्ट्स फ्लावर शो में बने पर्यटकों की पसंद

### 10 दिनों में हुई 4.99 लाख की बिक्री, उठोरी से दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने उदयपुर की फतहसागर पाल पर आयोजित फ्लावर शो में अपनी प्रमुख सीएसआर पहल, सखी, माइक्रो-एंटरप्राइज और समाधान का शानदार प्रदर्शन किया। 10 दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में ग्रामीण महिलाओं के कौशल और उनके द्वारा निर्मित उत्पादों ने पर्यटकों और उदयपुराइट्स का दिल जीत लिया।

ग्रामीण शिल्प और उत्पादों की प्रदर्शनी में उपाया ब्रांड के तहत अजरख प्रिंट की एक विस्तृत रेंज प्रस्तुत की गई, जिसमें महिलाओं व पुरुषों के परिधानों के साथ-साथ लैपटॉप बैग, कुशन कवर, डॉक्यूमेंट होल्डर और कोस्टर जैसे आधुनिक एक्सेसरीज शामिल थे। इसके अतिरिक्त, दायची के शुद्ध मसाले, दालें, अचार व नमकीन और गायम पहल के तहत पारंपरिक बिलोना घी को भी लोगों ने खूब पसंद किया। जिसके परिणामस्वरूप कुल 4.99 लाख रुपये की बिक्री दर्ज की गई। इन 10 दिनों के दौरान



स्टॉल पर 2 लाख से अधिक लोगों की आवाजाही रही।

सीखने और मनोरंजन का संगम प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण यहाँ बनाया गया एंगेजमेंट जोन था। जहाँ 5 हजसा से अधिक लोगों ने स्वयं ब्लॉक प्रिंटिंग और बिलोना घी बनाने की पारंपरिक प्रक्रिया का अनुभव लिया। साथ ही, सखी उठोरी समूह की सदस्यों द्वारा दो दिनों तक मंचित किए गए नुक्कड़ नाटकों ने सामाजिक संदेश देने के साथ-साथ दर्शकों को काफी प्रभावित किया। हिन्दुस्तान जिंक अपनी इन पहलों के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने और उन्हें मुख्यधारा के बाजार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## हार के डर से मतदाता सूची के पुनीरक्षण (एसआईआर) से पलटे, प्रकाश कोठारी कर रहें हैं चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ओसवाल सभा के आगामी चुनावों के मद्देनजर चुनाव संयोजक आनंदीलाल बम्बोरिया के निर्देश पर ओसवाल सभा की मतदाता सूची के पुनीरिक्षण (एसआईआर) के लिए मंगलवार को जब अध्यक्ष पद प्रत्याशी संजय भण्डारी टीम के सदस्य मनीष गलुण्डिया, अरविन्द जारोली एवं सुधीर मेहता ओसवाल सभा कार्यालय पहुंचे तो चुनाव संयोजक टीम के सदस्यों ने मतदाता सूची के पुनीरिक्षण (एसआईआर) के लिए इंकार कर दिया और कहा कि चुनावों के कम समय को देखते हुए मतदाता सूची के पुनीरिक्षण (एसआईआर) और जो मतदाता सूची गत 31 दिसम्बर को जारी की गयी हैं उसी के आधार पर चुनाव कराएं जाएँगे, जबकि अब तक कई सदस्यों ने 30 से ज्यादा आपतियां दर्ज करवा रखी हैं। संजय भण्डारी ने बताया कि निवर्तमान अध्यक्ष प्रकाश कोठारी मनमाने तरीके से चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर रहें हैं, कभी वो चुनाव अधिकारी बदल रहें हैं तो कभी वो मतदान स्थल, वो चुनावों में हार के डर से एवं चुनाव संयोजकों पर पर दबाव बना कर उनके निर्णय को प्रभावित कर रहे हैं। आज संजय भण्डारी ने समाज के वरिष्ठ जनों से घर घर जाकर ओसवाल सभा के चुनावों की वर्तमान परिस्थियों के बारे में अवगत करवा कर समाज हित में उन्हें आगे आकर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए आग्रह किया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 का किया निरीक्षण

## परिवादियों से किया संवाद, सुनी समस्याएं, शिकायतों का हुआ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, आमजन को मिली त्वरित राहत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर(का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 के माध्यम से आमजन की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री स्तर पर इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाती है। इसी कड़ी में श्री शर्मा मंगलवार को शासन सचिवालय परिसर स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 पहुंचे और परिवादियों से बात कर अधिकारियों को उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिए।

शर्मा से जोधपुर जिले के ग्राम सुराणी निवासी श्री छगनलाल ने उनके गांव में विद्युत वोल्टेज की समस्या का जिक्र करते हुए ट्रांसफॉर्मर लगाने का निवेदन किया। इस संबंध में मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने ट्रांसफार्मर लगा दिया है। साथ ही, विद्युत आपूर्ति भी शुरू हो चुकी है।

करौली जिले के नादौती के ग्राम बरदाला निवासी श्री नवल किशोर शर्मा ने मुख्यमंत्री से हैंडपंप के संबंध में निवेदन किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को परिवाद के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। देर शाम तक परिवादी के नजदीकी स्थान पर पीएचईडी अभियंताओं ने हैंडपंप को दुरुस्त कर पुनः शुरू कर दिया।

आसींद, भीलवाड़ा के ग्राम बाराखेड़ा निवासी श्री विष्णु ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी में लंबित भुगतान के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उनकी समस्या को भारत सरकार के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली, परिवादी की शिकायत पंजीकरण तथा फॉलो-अप प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन राज्य सरकार और आमजन के बीच संवाद का एक प्रभावी माध्यम है।

इसके माध्यम से प्रत्येक नागरिक अपनी परिवेदना राज्य सरकार तक पहुंचा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कॉल सेंटर में दर्ज प्रत्येक समस्या का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान हो जिससे नागरिकों को संतुष्टि मिले।

## थानाधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा का किया गया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में आरपी सोलर थाना मोड़, चौमू में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी सहित फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने थानाधिकारी पद से पुलिस उप अधीक्षक (डीवाईएसपी) पद पर पदोन्नत होने पर प्रदीप शर्मा का माल्यार्पण, साफा पहनाकर तथा भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मान व अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में बनवारी लाल शर्मा, शशिकांत शर्मा, ओम प्रकाश रीडर, सी.एम. सैनी, डॉ. पवन कुमार तिवाड़ी, नारायण लाल शर्मा, राधेश्याम यादव, रामपाल कुमावत, डॉ. सीताराम कुमावत, राजेश महेश्वरी, चंद्र प्रकाश शर्मा, मकखनलाल शर्मा, नरेंद्र सिंह सोलंकी, डॉ. एम.के. अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, दिनेश कुमार कुमावत, रामलाल शेरावत, नरेंद्र शर्मा, दामोदर प्रसाद खांडल, बनवारी लाल बागड़ा, हरिओम शर्मा, विनोद शर्मा, टेकचंद सैनी, योगेश सैनी, जितेंद्र मीणा, रमेश चौधरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एडीएम सहारण ने नगर परिषद कार्यालय के अनुभागों की प्रगति की समीक्षा कर दिये निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** एडीएम एवं प्रशासक नगर परिषद कोटपूतली ओमप्रकाश सहारण ने मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय के विभिन्न अनुभागों की प्रगति रिपार्ट की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये। उन्होंने आरटीआई, जनसुनवाई, आवक-जावक, लेखा शाखा, भूमि शाखा, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीयन शाखा के संधारित रजिस्टरों एवं पत्रावलियों की गहन जाँच कर कार्य में गति लाकर आमजन के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने नगर परिषद सचिव अभिषेक सैनी व जेईएन कृष्ण कुमार से नगर परिषद क्षेत्र के विकास कार्यों, नियमित सफाई कार्य, जनसुनवाई के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण हेतु संचालित टिप्परों और ट्रैक्टर ट्रॉली पर नंबरिंग और जीपीएस सुनिश्चित करते हुये इनकी फील्ड मॉनिटरिंग करें।

## नर्सरी से कक्षा 08 तक के समस्त सरकारी एवं गैर राजकीय विद्यालयों में 07 से 10 जनवरी तक अवकाश घोषित

### बढ़ती सर्दी एवं शीतलहर को देखते हुये जिला कलक्टर ने बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत जारी किये आदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने आदेश जारी कर वर्तमान में जिले में चल रही शीतलहर एवं ठण्ड के प्रकोप को देखते हुये एवं मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के दृष्टिगत जिले में संचालित नर्सरी से कक्षा 08 तक के समस्त सरकारी एवं गैर राजकीय विद्यालयों में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये 07 से 10 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। आदेशानुसार परिक्षायें यथावत् संचालित रहेंगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों में उपर्युक्त आदेशों की अक्षरशः/कठोरता से पालना कराया जाना सुनिश्चित करावें। निर्देशों की अवहेलना करने वाले राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

## कोटपूतली के यूको बैंक का 84 वां स्थापना दिवस मनाया




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** यूको बैंक का 84 वां स्थापना दिवस मंगलवार को कोटपूतली स्थित स्थानीय शाखा में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बैंक परिसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिनमें ग्राहकों और आमजन की सहभागिता रही। कार्यक्रम में शाखा मुख्य प्रबंधक रजनीश कुमार, प्रबंधक सुरेंद्र यादव, प्रबंधक के.के. राजोरिया, सहायक प्रबंधक ओमप्रकाश मीणा, सहायक प्रबंधक सीताराम, दीपक मीणा, शिखा बंसल सहित समस्त बैंक स्टॉफ उपस्थित रहा। अधिकारियों व कर्मचारियों ने बैंक के 84 वर्षों के सफर, उपलब्धियों और जनसेवा में बैंक की भूमिका पर प्रकाश डाला।

**नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन :** स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. बी. लाल लैबोरेट्री की ओर से ब्रांच मैनेजर अशोक शर्मा, लैब टेक्नीशियन यज्ञदत्त शर्मा व लैब टेक्नीशियन सुनील योगी ने अपनी सेवायें प्रदान की। शिविर में बुजुर्गों, बच्चों व महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में कौशल, रामस्वरूप, रज्जो देवी, दीपक सहित सैकड़ों उपभोक्ताओं ने स्वास्थ्य जांच करवाई व शिविर की सराहना की। इस दौरान समाजसेवी महेश शर्मा, महासिंह, जगराम कुम्हार, खेताराम रावत, ठेकेदार हंसराज योगी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में बैंक प्रबंधन ने आगंतुकों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## कांसली-शुक्लावास सड़क बचाओ संघर्ष समिति का धरना छठे दिन भी जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कांसली-शुक्लावास सडक मार्ग को भारी वाहनों से मुक्त कराने और प्रदूषण की समस्या को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन मंगलवार को छठे दिन भी जारी रहा।धरने के छठे दिन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के दौरे और पीयूसीएल की राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता श्रीवास्तव के आगमन ने आंदोलन को और तेज कर दिया है।



**प्रदूषण बोर्ड ने किया क्रेशर का मौका मुआयना**

बीते कल तहसीलदार रामधन गुर्जर द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद आज प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (नीमराना) के क्षेत्रीय अधिकारी राजकुमार मीणा धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने अल्ट्राप्राइम रोडी क्रेशर का मौका मुआयना किया। अधिकारी ने नदी के बहाव क्षेत्र में डाले गए मलबे और वेस्ट पानी की जांच की। धरनार्थियों को आश्वस्त करते हुए मीणा ने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही ठोस कार्यवाही की जाएगी। वहीं, दूसरी ओर सार्वजनिक निर्माण विभाग के स्एव ने फोन पर वार्ता कर जल्द समाधान का आश्वासन तो दिया, लेकिन धरनार्थियों ने इसे महज पल्ला झाडने की कोशिश बताया। देर शाम जयपुर से पीयूसीएल की राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता श्रीवास्तव कांसली धरना स्थल पहुंचीं। उन्होंने धरने पर बैठी महिलाओं और बच्चों की स्थिति को देखकर गहरी चिंता व्यक्त की। इसके बाद वे धरना समिति के साथ कोटपुतली जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और एडीएम ओमप्रकाश सहारण को ज्ञापन सौंपा।कविता श्रीवास्तव ने कड़ा रुख अपनाते हुए एडीएम से कहा कि 'इतनी कड़ाके की ठंड में महिलाएं और बच्चे खुले में बैठने को मजबूर हैं, यह प्रशासन की नाकामी का बड़ा उदाहरण है।' एडीएम सहारण ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। धरना स्थल पर मौजूद महिलाओं ने प्रशासन को चेतावनी दी है। फूली देवी यादव, पपीता मीणा और संतोष मीणा सहित अन्य महिलाओं ने एडीएम से स्पष्ट कहा कि, 'चाहे प्रशासन हमें इस सर्दी में मार दे, लेकिन जब तक भारी वाहनों का आवागमन बंद नहीं होगा और हमारी सडक़ सुरक्षित नहीं होगी, हम धरने से नहीं उठेंगे।'धरने के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास, रामसिंह यादव, शिवराम यादव, सोंनी देवी, शिम्भूदयाल मीणा, बस्ती राम, गोपाल यादव, रामानंद, रंगलाल आर्य, अंगद यादव, ओमकार यादव, रमेश यादव, पप्पू यादव, सूरज मीणा और मोहन लाल मीणा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जनभागीदारी से सेना दिवस परेड-2026 बनेगा शौर्य एवं पराक्रम का महोत्सव

### कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा जयपुर में सेना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जनसहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आमजन को सेना दिवस परेड-2026 देखने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार सेना दिवस परेड के सफल, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आयोजन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग एवं जयपुर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। सामान्य प्रशासन विभाग एवं जयपुर जिला प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि अधिक से अधिक संख्या में आमजन इस राष्ट्रीय गौरव के कार्यक्रम में सहभागिता कर भारतीय सेना के अद्भुत एवं अनुकरणीय प्रदर्शन को नजदीक से देख सकें। जगतपुरा (महल रोड), जयपुर में 9, 11, 13 एवं 15 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाली सेना दिवस परेड को लेकर नागरिकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। अब आमजन स्वयं एवं अपने परिवार के साथ परेड अवलोकन हेतु ऑनलाइन पंजीकरण कर कार्यक्रम का साक्षी बन सकेंगे। परेड अवलोकन हेतु पंजीकृत नागरिकों को प्रातः 8.45 बजे तक परेड स्थल पर पहुँचना अनिवार्य होगा तथा परेड समाप्त होने से पूर्व स्थल छोडने की अनुमति नहीं होगी। सुरक्षा कारणों से परेड स्थल पर ड्रोन, कैमरा, लेडीज पर्स, बैग, ज्वलनशील पदार्थ, पाउडर, नुकीली वस्तुएँ अथवा किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सेना के प्रतिनिधियों द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करते हुए अनुशासन बनाए रखें।

## राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन 8 जनवरी से आरपीए में होगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर(का.स.)।** राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाली डीजी—आईजी कॉन्फ्रेंस के अनुक्रम में इस बार राज्य स्तर पर राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में मुख्यमंत्री राजस्थान भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में 8 व 9 जनवरी को डीजी—आईजी सम्मेलन आयोजित होगा। दो दिवसीय राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन का यह आयोजन राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में आईआईएम छत्तीसगढ रायपुर में आयोजित 60 वें राष्ट्र स्तरीय डीजी—आईजी पुलिस सम्मेलन के परिणाम व सिफारिशों के क्रम में आयोजित होगा। जिसमें सभी जिलों के एसपी,सभी रेंज आईजी जयपुर मुख्यालय पर पदस्थापित सभी वरिष्ठ अधिकारी इसमें प्रतिभागी होंगे। दो दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में विभिन्न सत्रों में महत्वपूर्ण विषयों पर राष्ट्रीय स्तर के जाने-माने विषय विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे, चिंतन मनन करेंगे तथा पुलिस व्यवस्था के महत्त्वपूर्ण विषय व विकसित भारत में पुलिसिंग के विषयों पर मंथन होगा।

## ज्वेलरी शॉप से लाखों की पायलें चोरी, ग्राहक बनकर आईं तीन महिलाएं फरार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर(का.स.)।** एयरपोर्ट थाना इलाके में स्थित एक ज्वेलरी शॉप से लाखों रुपए की चांदी की पायलें चोरी होने का मामला सामने आया है। ग्राहक बनकर आईं तीन अज्ञात महिलाओं ने ज्वेलर की नजर बचाकर पूरी ट्रे चोरी कर ली और मौके से फरार हो गईं। चोरी की यह वारदात शॉप में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। जांच अधिकारी पुलिस हेड कांस्टेबल गिर्राज प्रसाद ने बताया कि जवाहर सर्किल क्षेत्र निवासी नरेंद्र सोनी (31) ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी जगतपुरा बाजार में श्याम ज्वैलर्स नाम से दुकान है। जहां तीन महिलाएं ग्राहक बनकर दुकान पर आईं और चांदी की पायलें दिखाने को कहा और महिलाएं करीब आधे घंटे तक पायलें देखती रहीं। वे पायलों को एक ट्रे से दूसरी ट्रे में बदल-बदल कर अपने पैरों में पहनकर देखती रहीं। इसी दौरान शॉप पर मौजूद ज्वेलर रामजीलाल की नजर बचाकर तीनों महिलाओं ने चांदी की पायलों से भरी एक पूरी ट्रे अपनी शॉल में छिपा ली। इसके बाद एक पायल का डिजाइन पसंद करने का बहाना बनाकर वे दुकान से निकल गईं।

महिलाओं के जाने के बाद जब पायलें वापस रखी गईं तो एक ट्रे गायब मिली। इसके बाद शॉप में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें तीनों महिलाओं की चोरी की करतूत साफ तौर पर रिकॉर्ड पाई गई। सूचना मिलने पर एयरपोर्ट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फुटेज अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार फिलहाल आरोपी महिलाओं की पहचान नहीं हो सकी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला चोर गैंग की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान होते ही उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## 8 जनवरी को झोटवाड़ा की नूरानी मस्जिद में होगा निकाह का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** कुरैशी समाज की ओर से शुरू की गई नो दहेज, नो डिनर, नो गार्डन मुहिम का असर राजस्थान के विभिन्न शहरों में नजर आ रहा है। वहीं इस मुहिम में अब इस्लाहे मआशरा कमेटी ने बागडोर संभाली है और कदम आगे बढ़ाते हुए अपना अहम रोल अदा कर रही है। इस मुहिम का आगाज राजधानी जयपुर से वरिष्ठ समाजसेवी एवं बिजनेसमैन झोटवाड़ा निवासी छुट्टन कुरैशी ने अपनी पुत्री एवं ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नईम कुरैशी के लडक़े की सादगी के साथ संपन्न हुई निकाह की रस्म अदायगी से 24 दिसम्बर 2024 झोटवाड़ा से हुई थी। जिसमें बिजनेसमैन छुट्टन कुरैशी ने अपनी पुत्री आलिमा का निकाह नईम कुरैशी के लडक़े के साथ झोटवाड़ा की नूरानी मस्जिद में सादगी के साथ कराया था। इस कार्यक्रम में ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिराज अहमद कुरैशी सहित समाज के कई वरिष्ठजन शामिल हुए थे। सादगी के साथ संपन्न हुए इस निकाह अदायगी रस्म की सभी ने प्रशंसा की। तत्पश्चात जयपुर सहित राजस्थान के विभिन्न शहरों में इस प्रकार के आयोजनों का शुभारंभ हुआ। इसी कड़ी में अब मंगलवार 6 जनवरी को झोटवाड़ा निवासी मेराज कुरैशी के पुत्र सोहेल का निकाह एमडी रोड निवासी नासिर कुरैशी की लडक़ी अंजुम के साथ मस्जिद कुरैशियान में सादगी के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर सभी आगंतुकों को खजूर पेश की गई।

**कल नूरानी मस्जिद में सादगी से होगा निकाह :** इसी सिलसिले की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 8 जनवरी 2026 को झोटवाड़ा निवासी मेराज कुरैशी की पुत्री शहनाज का निकाह रामनगर, शास्त्री नगर निवासी जहीरूद्दीन के पुत्र जुनैद के साथ झोटवाड़ा स्थित नूरानी मस्जिद में बाद नमाजे जोहर दोपहर करीब ढाई बजे शरीयत के मुताबिक होगा। इस दौरान निकाह की रस्म सादगी के साथ अदा की जाएगी और सभी आगंतुकों को खिजूर पेश की जाएगी। इस मौके पर बिरादरी के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में समाजसेवी शामिल होंगे।


## विधिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य कमलेश यादव पुत्र श्री हरि शंकर यादव निवासी कस्बा चोमू जिला जयपुर के स्वामित्व की अचल संपत्ति जो पट्टा नंबर 74,मोहल्ला ग्वारियो का,कस्बा चोमू, तहसील चोमू जिला जयपुर राजस्थान में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 376.66 है जो दिनांक 30.01.1967 को नगर पालिका चोमू द्वारा हरिशंकर पुत्र श्री विजललाल के नाम से पट्टा जारी किया हुआ था तत्पश्चात हरिशंकर पुत्र श्री विजललाल की मृत्यु दिनांक 05.02.1982 को वह सीताराम पुत्र हरिशंकर की मृत्यु दिनांक 05.02.2012 को हो चुकी थी जिनके विधिक वारिस भूरी देवी पत्नी श्री हरिशंकर, पुष्पा देवी, चंदा देवी पुत्री हरिशंकर, नरेंद्र कुमार ,राजकुमार,कमलेश कुमार पुत्र हरिशंकर, विमला देवी पत्नी सीताराम,जितेंद्र यादव,अजय यादव पुत्र सीताराम उक्त संपत्ति के मालिक स्वामी हुये तत्पश्चात दिनांक 25.02.2021 को भूरी देवी पत्नी श्री हरिशंकर, पुष्पा देव, चंदा देवी पुत्री हरिशंकर ने नरेंद्र कुमार,राजकुमार,कमलेश कुमार पुत्र हरिशंकर,विमला देवी पत्नी सीताराम,जितेंद्र यादव,अजय यादव पुत्र सीताराम के पक्ष में जरिए रजिस्टर्ड हक–त्यागपत्र किया हुआ है तत्पश्चात नरेंद्र कुमार,राजकुमार, कमलेश कुमार पुत्र हरिशंकर,विमला देवी पत्नी सीताराम,जितेंद्र यादव,अजय यादव पुत्र सीताराम ने उक्त संपत्ति का जरिये रजिस्टर्ड बटवारानामा दिनांक 26.02.2021 को किया हुआ है तथा मेरे अभिभाष्य के पक्ष में आवासीय व व्यवसायिक संपत्ति पट्टा नंबर 74, मोहल्ला ग्वारियो का कस्बा चोमूं, तहसील चोमूं जिला जयपुर,राजस्थान जिसका क्षेत्रफल 120.32 वर्गगज जरिए रजिस्टर्ड बटवारानामा द्वारा संपत्ति आई हुई है उक्त संपत्ति पर मेरे अभिभाष्य ने ए यू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ब्रांच वी के आई जयपुर से ऋण प्राप्त कर रहा है, सर्वसाधारण को उक्त संपत्ति के मालिकाना हक एवं कब्जे के संबंध में आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, प्रभावी व सामान्य समझी जावेगी।

दिनांक- 05.01.2026

कैलाश चंद्र अग्रवाल ( पटवारी )
एडवोकेट
राजस्थान हाईकोर्ट,जयपुर

## सम्पादकीय

# अराजक बांग्लादेश, चुन-चुनकर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा

बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या से यही स्पष्ट हो रहा है कि वहां चुन-चुनकर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। हिंदुओं की हत्याओं का सिलसिला कायम रहने के बाद भी वहां की अंतरिम सरकार न्यूनतम गंभीरता का परिचय देने से इन्कार कर रही है। नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंदुओं की हत्याओं को या तो सांप्रदायिक हिंसा मानने से इन्कार कर दे रही है या फिर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की खोखली बातें करके कर्तव्य की इतिश्री कर ले रही है। वह कुछ घटनाओं को आपसी रंजिश या दुर्घटना भी बता दे रही है। उसे यह आभास होना चाहिए कि अराजक माहौल आपसी रंजिश भुनाने का जरिया बनता है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि हिंदुओं की हत्याओं के मामले तो सामने आ जाते हैं, लेकिन उनके घर जलाने, जमीन कब्जाने और उनकी महिलाओं से छेड़छाड़ करने की घटनाएं दबी ही रह जाती हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ माहौल कितना विषाक्त हो गया है, इसे इससे समझा जा सकता है कि वहां हिंदू अधिकारियों-कर्मचारियों को लांछित किया जा रहा है और हिंदू नेताओं को चुनाव में भाग लेने से रोकने की भी कोशिश की जा रही है। यह सब इसीलिए हो रहा है, क्योंकि वे कट्टरपंथी ताकतें अंतरिम सरकार के संरक्षण में हैं, जो भारत विरोध के लिए जानी जाती हैं। हिंदुओं को प्रताडित करने के लिए वहां उनके और भारत के खिलाफ सुनियोजित अफवाहें भी फैलाई जा रही हैं। यह एक अफवाह ही थी कि छात्र नेता उस्मान हादी को गोली मारने वाला भारत भाग गया है। बांग्लादेश सरकार ने सब कुछ जानते हुए भी इस झूठ पर लगाम लगाने की कोशिश नहीं की। उसकी पोल तब खुली जब उस्मान हादी के हत्यारोपित के दुबई में होने की सूचना आई। बांग्लादेश सरकार यह अच्छी तरह जान रही है कि हिंदुओं को लगातार निशाना बनाए जाने से भारत में लोग उद्वेलित हो रहे हैं, लेकिन वह हालात सामान्य करने के लिए कोई कदम उठाने के बजाय संबंधों को बिगाडने वाले काम कर रही है। पिछले दिनों जब आइपीएल की टीम केकेआर ने उसके क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को टीम में न रखने का फैसला किया तो बांग्लादेश ने यह समझने की जरूरत नहीं समझी कि आइपीएल में उसकी मौजूदगी स्टेडियमों में माहौल बिगाडने का ही जरिया बनती। केकेआर के फैसले के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत भेजने से मना तो किया ही, आइपीएल प्रसारण पर भी रोक लगा दी। इसे कुल




मिलाकर बात बिगाडने वाला रवैया ही कहा जाएगा। उसके ऐसे रवैये के कारण ही उन तत्वों का दुस्साहस बेलगाम है, जो हिंदुओं को निशाना बनाने के साथ भारत के खिलाफ आग उगलने में लगे हुए हैं।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 07 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2020 - नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने भुगतान तेज और सुरक्षित करने के लिए वज्र प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। मंच ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित है।
- ईरान की संसद ने एक विधेयक पारित कर सभी अमेरिकी बलों को आतंकवादी घोषित कर दिया।
- रवींद्र नाथ महतो को सर्वसम्मति से झारखंड विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया।
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लिखी गई पुस्तक 'कर्मयोद्धा ग्रंथ' का विमोचन किया।
- केंद्र सरकार ने कई मीडिया घरानों को पहला 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान' प्रदान किया। इस सम्मान का उद्देश्य योग के संदेश के प्रसार में मीडिया के योगदान को रेखांकित करना है।
- 2015 - पेरिस में दो बंदूकधारियों ने 'चार्ली आब्दो' पत्रिका के कार्यालय पर हमला किया जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए।
- यमन की राजधानी सना में एक पुलिस कॉलेज के बाहर हुए कार बम धमाके में 38 लोगों की मौत और 63 से अधिक लोग घायल।
- 2010 - जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर एक होटल में छिपे आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच लगभग 22 घंटे लंबी मुठभेड़ दो आतंकवादियों के मारे जाने के साथ ख़त्म हो गयी।
- 2009 - आई टी कम्पनी सत्यम के चेयरमैन रामालेंगम राजू ने अपेन पद से इस्तीफ़ा दिया।
- 2008 -राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने विनोद राय को नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक के पद की शपथ दिलाई। भारत व मलेशिया वायुसेना के पायलटों और युद्धपोतों के कर्मियों के प्रशिक्षण समेत रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए।
- जार्जिया में नेल मिखै साकाश विली को पुन: देश का राष्ट्रपति चुना गया।
- 2003 - जापान ने विकास कार्यों में मदद के लिए भारत को 90 करोड़ डालर की मदद की घोषणा की।

## विशेष आलेख

# एआई से बदलता राजस्थानः डबल इंजन सरकार का डिजिटल क्रांति मॉडल



डॉ. नयन प्रकाश गांधी




राजस्थान ने सिद्ध कर दिया है कि डिजिटल परिवर्तन क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय विजन का सुंदर संगम हो सकता है। भजनलाल शर्मा सरकार और केंद्र सरकार की यह संयुक्त पहल न केवल राजस्थान, बल्कि पूरे भारत के लिए एआई युग का स्वागत है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब केवल भविष्य की कल्पना नहीं, बल्कि भारत के वर्तमान विकास एजेंडे का केन्द्रीय आधार बन चुकी है। जयपुर के जेईसीसी, सीतापुरा में आयोजित राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्टकॉन्फ्रेंस-2026 ने सिद्ध कर दिया कि राजस्थान अब तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि एआई नवाचार और नीति-निर्माण का अग्रणी केंद्र बनने को तैयार है।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस उद्घाटन सत्र में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद की वर्चुअल उपस्थिति ने डबल इंजन सरकार के तकनीकी समन्वय का जीवंत प्रमाण प्रस्तुत किया। यह घटना केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि राजस्थान के डिजिटल परिवर्तन की नई दिशा का प्रतीक बनी।इस कॉन्फ्रेंस के दौरान लॉन्च किया गया नेशनल एआई लिटरेसी प्रोग्राम राज्य के युवाओं, छात्रों और शिक्षकों के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। यह कार्यक्रम तकनीकी ज्ञान को ग्रामीण विद्यालयों से शहरी कॉलेजों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा, जिससे राजस्थान के युवा वैश्विक एआई अर्थव्यवस्था में सहज प्रवेश कर सकेंगे।भजनलाल सरकार की यह पहल विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि यह स्थानीय भाषा और संस्कृति के अनुरूप प्रशिक्षण पर जोर देती है। इससे डिजिटल असमानता मिटेगी और तकनीक हर वर्ग तक समान रूप से पहुंचेगी।राजस्थान एआई-एमएल पॉलिसी 2026 का लॉन्च इस कॉन्फ्रेंस की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। यह नीति स्टार्टअप्स, शोध संस्थानों और उद्योगों के बीच साझेदारी को मजबूत करेगी, साथ ही एआई के नैतिक उपयोग पर कड़ा नियंत्रण सुनिश्चित करेगी।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का यह दृष्टिकोण कि 'एआई अब सामाजिक-आर्थिक विकास का शक्तिशाली इंजन है' राज्य के प्रशासनिक परिवर्तन का संकेत देता है। यह पॉलिसी डेटा सुरक्षा, गोपनीयता और निष्पक्षता पर आधारित है, जो राजस्थान को जिम्मेदार एआई का मॉडल राज्य बनाएगी।

**आई स्टार्ट एलएमएस और एवीजीसी-एक्सार भविष्य की नींव**

आई स्टार्ट एलएमएस के माध्यम से स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई गति मिलेगी। यह लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम युवाओं को एआई-एमएल कौशल प्रदान करेगा, जिससे कौशल अंतर को पाटा जा सकेगा। राजस्थान एवीजीसी-एक्सआर पोर्टल रचनात्मक उद्योगों के लिए नया अवसर खोलेगा। एनिमेशन, गेमिंग और एक्सटेंडेड रियलिटी क्षेत्र में राजस्थानी युवा अब वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। राजस्थान एआई पोर्टल सभी एआई संबंधी सूचनाओं का एकीकृत केंद्र बनेगा।होलोग्राफी तकनीक के माध्यम से गूगल,आईआईटी दिल्ली और नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जोधपुर जैसे संस्थानों के साथ एमओयू प्रदर्शन ने तकनीकी साझेदारी का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। यह केवल औपचारिक समझौते नहीं, बल्कि नवाचार के लिए रणनीतिक गठबंधन हैं।केंद्र सरकार का यह समर्थन राजस्थान को भारत के एआई हब के रूप में स्थापित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता दर्शाता है। अश्विनी वैष्णव और जितिन प्रसाद की उपस्थिति ने संघीय सहयोग का आदर्श मॉडल प्रस्तुत किया।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सिद्ध कर दिया है कि तकनीकी नेतृत्व केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि ठोस क्रियान्वयन से मापा जाता है। ई-मित्र से राज-ई-साइन और अब एआई पोर्टल तक की यात्रा राजस्थान के डिजिटल परिवर्तन की गति को दर्शाती है।यह सरकार ग्रामीण राजस्थान को भी डिजिटल मुख्यधारा से जोडने के लिए कटिबद्ध है। एआई आधारित कृषि सलाहकार, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा समावेशी विकास के नए द्वार खोलेंगी।

**केंद्र-राज्य समन्वयः डिजिटल इंडिया का वास्तविक स्वरूप**

केंद्रीय नेतृत्व का सक्रिय सहयोग इस बात का प्रमाण है कि डिजिटल इंडिया अब केवल केंद्रीय योजना नहीं, बल्कि राज्यों के माध्यम से धरातल पर उतर रहा है। राजस्थान ने डिजिटल इंडिया मिशन को न केवल अपनाया, बल्कि इसे क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप ढाला भी है।यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय है। जब तकनीक और नीति का यह तालमेल बना रहेगा, भारत वैश्विक डिजिटल नेतृत्व की दौड़ में अवश्य अग्रणी होगा।

**ग्रामीण राजस्थान का एआई सशक्तिकरण-समय की आवश्यकता**

सच्ची सफलता तब होगी जब एआई का लाभ मुख्य स्मार्ट सिटीज तक सीमित न रहे। भजनलाल सरकार को ग्रामीण पंचायतों में एआई आधारित निर्णय सहायता प्रणाली स्थापित करने पर ध्यान देना होगा। स्थानीय भाषा में एआई चैटबॉट्स, कृषि पूर्वानुमान और स्वास्थ्य निदान ग्रामीण जीवन को बदल सकते हैं।

# निरंतर श्रम,संयम और संकल्प लक्ष्य प्राप्ति के सच्चे और मौन साधक

## (जीवन-चिंतन)



संजीव ठाकुर

*मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है।*

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैंद्य जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3त्न नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है।

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### एक और महाभारत



वो पांच भाई थे। मझले का नाम भीमा था। दंगे और दंगल दोनो का ही उस्ताद। घर में फाँकें लेकिन पहलवानी का इतना जुनून कि घर का आधा राशन खुद ही निपटा दे। भाई अपने हिस्से का राशन खाने की शिकायत करते तो कहता -देखना एक दिन इस सारे राशन की कीमत अदा कर दूंगा और यही पहलवानी एक दिन हम सबको मालामाल कर देगी। सब ही उसकी बात पर हँस देते। एक दिन उसे पता चला कि पास के गांव के मुखिया ने एक दंगल रखा है। भीमा चारो भाइयों को लेकर दंगल पहुँच गया। वहाँ जाकर पता चला कि मुखिया खुद पहलवानी करता था। आज उसने घोषणा की है कि जो भी पहलवान दंगल का विजेता होगा उससे अपनी अत्यंत गुणवान और रूपवान पुत्री की शादी कर देगा।

चार-छह घण्टे तक चले दंगल में आखिर भीमा जीत ही गया। पांचों भाई खुशी से उछल रहे थे। मुखिया ने वादे के मुताबिक बेटी का हाथ भीमा के हाथ में थमा दिया। साथ ही धन इत्यादि के साथ विदा किया। भीमा खुशी-खुशी भाइयों के साथ घर की तरफ चल पड़ा। घर पहुंचा तो दरवाजे से ही आवाज लगाई माँ, माँ देखो आज मैं दंगल में क्या जीत कर लाया हूँ? माँ ने बिना देखे कहा-जो भी लाये हो आपस में बाँट लो। भीमा या उसके भाई कुछ कहते उससे पहले ही मुखिया की बेटी कह उठी-माँ जी, मैं द्रौपदी नहीं हूं। मुझे बंटवाकर एक और महाभारत रचाने का इरादा है क्या? भीमा के भाइयों के चेहरे पर आई खुशी पलभर में गायब हो चुकी थी।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# इन लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए खजूर

खजूर एक ऐसा ड्राई फ्रूट है, जो खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए काफी फायदेमंद भी होता है। खजूर में विटामिन-बी6, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो सेहत को कई लाभ पहुंचाते हैं। इसके नियमित सेवन से इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है। साथ ही, यह पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने से लेकर हड्डियों को मजबूत बनाने में मददगार होता है। लेकिन इतने फायदों के बावजूद कुछ लोगों को खजूर का सेवन करने से बचना चाहिए। जिन लोगों को किडनी से जुड़ी कोई बीमारी है, उन्हें खजूर का सेवन करने से बचना चाहिए। दरअसल, इसमें पोटैशियम की अधिक मात्रा पाई जाती है, जो किडनी रोगियों के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए अगर आपको किडनी से जुड़ी कोई समस्या है, तो डॉक्टर की सलाह के बाद ही इसका सेवन करें। मोटापे से ग्रस्त लोगों को भी खजूर का ज्यादा सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, इसमें कैलोरी और शुगर की मात्रा काफी अधिक होती है, जिससे आपका वजन बढ़ सकता है। इसके अलावा, अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं, तो आपको इसका सेवन करने से बचना चाहिए। पाचन संबंधी समस्याओं से पीडित लोगों को भी खजूर का सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, इसमें लैक्सेटिव गुण होता है, जो मल त्याग को बढ़ावा देता है। ऐसे में, इसका सेवन करने से डायरिया की समस्या हो सकती है। इसमें ज्यादा फाइबर की मौजूदगी और तासीर गर्म होने के कारण पेट की समस्याएं बढ़ सकती हैं। डायबिटीज के मरीजों को भी खजूर का ज्यादा सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, इसमें प्राकृतिक शुगर की मात्रा अधिक होती है। ऐसे में, इसका ज्यादा मात्रा में सेवन करने से आपका ब्लड शुगर लेवल अचानक बढ़ सकता है। अगर आपको शुगर है, तो खजूर का सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह अवश्य लें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। आपके जीवनसाथी को कार्यक्षेत्र में प्रमोशन आदि मिल सकता है।

**वृष**
आज आपको काम को लेकर कुछ नए-नए अवसर मिलेंगे, जिससे आपको काम करने में भी खूब मजा आएगा और आप अपनी जिम्मेदारियां से भी घबराएंगे नहीं व उनका डटकर सामना करेंगे। यदि कोई समस्या आएगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए अपने कामों को समय से निपटाने के लिए रहेगा। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी और आप लोगों से अपने काम से काम मतलब रखेंगे, जो आपके लिए अच्छा रहेगा।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखने के लिए रहेगा। आप अपनी फिटनेस पर थोड़ा ध्यान दें। आपने यदि कोई लेनदेन किया है, तो आप उसे पूरी लिखापढ़ी करके करें।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

**कन्या**
आज आप अपने कामों में कोई बदलाव करने से बचें। आपको घर-परिवार में चल रही समस्याओं को भी मिल बैठकर दूर करने की आवश्यकता है। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए धन के मामले में समस्याएं लेकर आ सकता है, क्योंकि आपका धन को लेकर कोई काम पूरा होते-होते रह सकता है। बिजनेस की डील भी आप थोड़ा सोच समझकर ही फाइनल करें।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप कहीं विदेश जाने की भी योजना बना सकते हैं। आप यदि किसी परिजन के घर मेल-मिलाप करने जाएं।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में कोई काम करने के लिए रहेगा, जो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपनी पारिवारिक समस्याओं को मिल बैठकर दूर करने की आवश्यकता है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा ना बनें, क्योंकि राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को कुछ मुश्किलों का सामना अवश्य करना पड़ेगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा, क्योंकि आपकी सेहत में उतार चढ़ाव लगा रहेगा। आप अपने खाने-पीने में लापरवाही बिल्कुल ना करें। आप अपने कामों को लेकर काफी एक्टिव रहेंगे।

**मीन**
आज आपको काम को लेकर टेंशन अधिक रहेगी, लेकिन आप उसे अपने ऊपर हावी होने ना दे। कार्य क्षेत्र में आपको काम को लेकर प्रशंसा होगी, जिससे आप काफी खुश होंगे।

# संकष्ट चतुर्थी पर चौथ माता के दर पर उमड़ा श्रद्धा का ज्वार

## 2.5 किलो का स्वर्ण मुकुट और 9 लक्खा हार से हुआ माता का श्रृंगार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में स्थित चौथ का बरवाड़ा कस्बे में विराजमान चौथ माता मंदिर पर लगने वाला चार दिवसीय वार्षिक मेला मंगलवार को संकट चतुर्थी के अवसर पर पूरे परवान पर रहा। चौथ माता के दरबार में सुबह से ही श्रद्धा का सैलाब उमड़ता नजर आया। मेले में दूर-दराज से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर अपनी और अपने परिवार की कुशलक्षेम की कामना की। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की व्यवस्था चाक चौबंद नजर आई।



**बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय सिंह ने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर मंदिर सहित मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. मेले में तीन एडिशनल एसपी और आठ डिप्टी एसपी सहित कई अधिकारी लगे हुए हैं। यात्रियों की सहायता के लिए जगह-जगह हेल्प डेस्क लगाए गए हैं. मेला परिसर के नजदीक तालाबों पर गोताखोर लगाए गए हैं. साथ ही मेला परिसर में पुलिस अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। चौथ माता के वार्षिक मेले को लेकर आज संकट चतुर्थी पर माता के दरबार को सजाया गया. माता का आकर्षक श्रृंगार किया गया. मंदिर ट्रस्ट की ओर से माता को ढाई किलो वजनी स्वर्ण मुकुट और नौ लक्खा हार से सजाया गया है. सुबह 5 बजे मंगला आरती के बाद छप्पन भोग की झांकी सजाई गई. मंदिर परिसर में जगमग सजावट की गई है. मंदिर में महिला व पुरुषों के प्रवेश और निकास द्वार अलग-अलग बनाए गए हैं। मेले में यात्रियों के उपचार के लिए चिकित्सकों की टीम भी तैनात की गई है।

**माता मंदिर को लेकर कई किस्से**

चौथ माता मंदिर के पुजारी शंकर लाल सैनी ने बताया कि चौथ माता मंदिर की स्थापना 1451 में यहां के तत्कालीन शासक भीमसिंह की ओर से की गई थी. 1463 में मंदिर मार्ग पर बिजल की छतरी और पहाड़ी की तलहटी में तालाब का निर्माण करवाया गया था. 16वीं शताब्दी में यह कस्बा चौहान वंश से मुक्त होकर राठौड़ वंश के अधीन आ गया था. इस वंश के शासकों में भी माता के प्रति गहरी आस्था थी. कहा जाता है कि राठौड़ वंश के शासक तेजसिंह राठौड़ ने 1671 में मुख्य मंदिर के दक्षिण हिस्से में एक तिबारा बनवाया था। कुछ लोगों का मानना है कि चौथ माता मंदिर की स्थापना जयपुर राजघराने की ओर से कराई गई थी। जब राव माधोसिंह ने सवाई माधोपुर बसाया था इसी दौरान यहां मंदिर भी बनवाया गया था, क्योंकि राव माधोसिंह माता को कुलदेवी के रूप में पूजते थे। कहा जाता है कि एक बार लड़ाई के दौरान मातेश्री नामक एक महिला के पति की मौत हो गई थी। महिला ने अपने पति के साथ सती होने की जिद की तो राव माधासिंह ने सती प्रथा पर रोक लगा दी। इस पर महिला ने माता के दरबार में गुहार लगाई कि उसे मौत दे दे या फिर पति को जीवनदान दें। इस पर माता ने महिला के पति को जीवनदान दिया। तभी से पूरे राजस्थान में महिलाएं माता के नाम से चौथ माता का व्रत, करवा चौथ का उपवास रखती हैं।

# शीतलहर: जिले में कक्षा 1 से 8 तक अवकाश घोषित

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी 10 जनवरी तक अवकाश, कक्षा 9 से 12 व स्टाफ नियमित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में शीतलहर एवं अत्यधिक ठंड के प्रभाव को देखते हुए जिला कलक्टर काना राम के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के हित में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों के लिए 7 जनवरी से 10 जनवरी, 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश जिले के सभी राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों पर लागू रहेगा।इसी क्रम में जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए भी 10 जनवरी, 2026 तक अवकाश रहेगा। हालांकि, आंगनबाड़ी केंद्रों के मानदेयकर्मी एवं विद्यालयों का समस्त स्टाफ विभागीय निर्देशों के अनुसार नियमित रूप से उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा। आदेशानुसार कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं पूर्ववत संचालित होंगी। जिला प्रशासन ने सभी संस्था प्रधानों को निर्देशित किया है कि आदेशों की अक्षरश: पालना सुनिश्चित करें। निर्देशों की अवहेलना किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

## लाडो प्रोत्साहन योजना

# सवाई माधोपुर प्रदेश में पहले स्थान पर: 8,244 बच्चियों को मिले 2.6 करोड़ रुपये

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य में लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत बच्चियों के खातों में प्रोत्साहन राशि के भुगतान में सवाई माधोपुर जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है। जिले में अगस्त 2024 से नवंबर 2025 तक 8,244 बच्चियों के खातों में पहली किश्त के तौर पर 2 करोड़ 6 लाख 10 हजार रुपये और 1,890 बच्चियों को दूसरी किश्त के रूप मे में 47 लाख 75 हजार रुपये का भुगतान किया गया है। बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करने और लिंगानुपात में सुधार का उद्देश्य:- इस योजना के तहत सरकारी अस्पताल एवं अधिस्वीकृत निजी अस्पतालों में जन्म लेने वाली बच्चियों के लिए 7 किस्तों में डेढ़ लाख रुपये की सहायता राशि का प्रावधान है।

**जननी सुरक्षा योजना :** राजस्थान सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को भी संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। 12 अप्रैल, 2005 से शुरू की गई जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पंजीकृत स्वास्थ्य संस्थाओं में शिशु को जन्म देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें ग्रामीण इलाके की गर्भवती महिलाओं को 1,400 रुपये और शहरी क्षेत्र की महिलाओं को 1,000 रुपये सीधे ही बैंक खाते में हस्तांतरित किए जा रहे हैं।

पहले स्थान पर बने रहने के लिए प्रयासरत रहेंगे- सीएमएचओ

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. अनिल कुमार जैमिनी का कहना है कि लाडो योजना के तहत प्रोत्साहन राशि भुगतान में सवाई माधोपुर अब प्रदेश में पहले स्थान पर है। विभाग के अधिकारी इस उपलब्धि को निरंतर बनाए रखने के लिए प्रयासरत हैं।

# स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग को लेकर एसडीएम प्रीती मीणा को सौंपा ज्ञापन,



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** किसान महापंचायत के प्रतिनिधियों ने ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह पलेई के नेतृत्व में बनस्थली मोड़ से जोधपुरिया जाने वाले मुख्य सडक़ मार्ग पर स्थित पलेई गांव के मोड पर स्पीड ब्रेकर लगवाने की मांग को लेकर एसडीएम प्रीति मीणा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि बनस्थली मोड़ से जोधपुरिया जाने वाले मुख्य सडक़ मार्ग पर साधनों की आवाजाही अत्यधिक होने के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है। इससे कई लोगों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके लिए पहले भी प्रशासन को अवगत करा दिया गया था लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। उन्होंने एसडीएम मीणा से पलेई मोड एवं राधा स्वामी सत्संग के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है। ज्ञापन में बतायाकि यदि 31 जनवरी तक प्रशासन द्वारा स्पीड ब्रेकर नहीं बनाया गया तो मुख्य सडक़ पर आम नागरिकों द्वारा चक्का जाम किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में महासचिव गोविंद चौधरी, पलेई अध्यक्ष सूरजनारायण चौधरी, राजाराम पहाड़ी व श्रीराम चौधरी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार,एक सप्ताह से पड़ रही है कड़ाके की ठंड

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** कड़ाके की ठंड का दौर लगातार जारी है। जिससे लोग ठिठुरते रहे। कई जगह तो लोग सर्दी से राहत पाने के लिए समूह में बैठकर अलाव जलाकर तापते हुए नजर आए। मंगलवार को घना कोहरा छाया रहा जिससे वाहनों को रेंग-रेंगकर चलना पड़ा। नये वर्ष की शुरुआत के साथ ही कड़ाके की ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था जो लगातार मंगलवार को भी जारी रहा। मंगलवार की सुबह गहरा कोहरा छाया रहा। जिससे वाहन चालकों को वाहनों की हेड लाइट जलाकर धीरे-धीरे चलना पड़ा। दोपहर 12 बजे तक कोहरा छाया रहा। इसके बाद धीरे-धीरे कोहरे की चादर छंटने लगी और गुनगुनी धूप निकली। जिससे लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली। लेकिन कोहरा पूरी तरह नहीं छंट पाया। ग्रामीण क्षेत्र में कोहरे का असर ज्यादा दिखाई दिया। शाम होते ही कोहरे ने फिर क्षेत्र को अपने आगोश में लेना शुरू कर दिया। मंगलवार को सुबह के समय तापमान 7 डिग्री सेल्सियस ही रहा। दिन चढऩे के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी होती गई। लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड की वजह से शाम होते ही बाजार सुनसान होने लग गए हैं। लोगों ने बताया कि इन दिनों गलन वाली सर्दी पड़ रही है। जिससे ठिठुरन बढ़ी हुई है।

# खुशखबर: राजस्थान परिवहन निगम में रिटायर्ड ड्राइवरों को फिर से नौकरी पर रखने की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम से रिटायर्ड हुए ड्राइवरों के लिए अच्छी खबर हैं. निगम अब फिर से रिटायर्ड ड्राइवरों को नौकरी देने की तैयारी कर रहा है! दरअसल, राजस्थान रोडवेज ने ड्राइवरों की कमी के चलते वाहनों के नहीं चलने से राजस्व की बड़ी हानि हो रही है! राजस्व की इस हानि को रोकने के लिए परिवहन निगम अब नया कदम उठा रहा है।

राजस्थान परिवहन निगम की अध्यक्ष शुभा सिंह ने कहा कि अब रिटायर्ड हुए निगम और अन्य विभागों के इच्छुक कार्मिकों को फिक्स सैलरी पर कॉन्ट्रैक्ट पर भर्ती किया जाएगा। शुभा सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत 65 साल तक के स्वच्छ छवि वाले ड्राइवर लाइसेंसधारी कार्मिकों को विभिन्न आगारों में फिर से रोजगार दिया जाएगा।



**बसों का संचालन नियमित रूप से नहीं हो रहा**

इस निर्णय का उद्देश्य निगम में परिचालकों की अत्यधिक कमी को दूर करना और वाहनों के निरस्तीकरण से होने वाली आर्थिक हानि को रोकना है. निगम के विभिन्न आगारों में इस समय ड्राइवरों की संख्या पर्याप्त नहीं है, जिससे बसों का संचालन नियमित रूप से नहीं हो पा रहा है. इस समस्या को दूर करने के लिए अनुबंध पर अनुभवी कार्मिकों की नियुक्ति की गई है।

**रिटायर्ड कार्मिकों को देने होंगे दस्तावेज**

रिटायर्ड कार्मिकों को नियुक्ति के लिए अपने सेवानिवृत्ति आदेश, पेंशन भुगतान आदेश की प्रति, वैध परिचालक लाइसेंस, शपथ पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज संबंधित ईकाई में प्रस्तुत करने होंगे।

इस प्रक्रिया से निगम को अनुभवी एवं विश्वसनीय ड्राइवरों की फिर से नियुक्ति से बस संचालन में सुधार आएगा और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी. निगम की यह पहल न केवल राजस्व हानि को रोकने में मददगार साबित होगी, बल्कि सेवानिवृत्त कार्मिकों को भी रोजगार का अवसर प्रदान करेगी।

इससे राज्य में परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और निगम के वित्तीय स्थिरता में भी योगदान मिलेगा।

# श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट विवाद पर देवस्थान विभाग का बड़ा फैसला

## मेले से पहले सुलझा देवधाम जोधपुरिया का विवाद

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट देवधाम जोधपुरिया को लेकर लंबे समय से चल रहा प्रन्यासी परिवर्तन और कार्यकारिणी विवाद देवस्थान विभाग अजमेर खंड के फैसले के बाद साफ हो गया है। सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग अजमेर गिरीशकुमार बचानी ने दो अलग-अलग प्रकरणों में आदेश पारित करते हुए नियमों की अनदेखी कर लिए गए निर्णयों को अमान्य करार दिया है। सहायक आयुक्त ने देवलाल गुर्जर गुट द्वारा प्रस्तुत प्रपत्र-8 को निरस्त करते हुए नरेश गुर्जर गुट की आपत्तियों को स्वीकार किया। सहायक आयुक्त ने आदेश में बताया कि देवलाल गुर्जर द्वारा अध्यक्ष बनने के आधार में बताई गई 24



अक्टूबर 2025 की साधारण सभा विधि सम्मत नहीं पाई गई। बैठक के आयोजन, आम सूचना, निर्वाचन तिथि, चुनाव अधिकारी की नियुक्ति अथवा विधिवत चुनाव कार्यक्रम से जुड़े कोई प्रमाण रिकॉर्ड पर प्रस्तुत नहीं किए गए। इसके विपरीत नरेश गुर्जर गुट द्वारा प्रस्तुत प्रपत्र-8 के साथ 12 अक्टूबर 2025 की साधारण सभा, 26 अक्टूबर 2025 को कराए गए चुनाव, चुनाव अधिकारी की नियुक्ति और प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित सूचना के प्रमाण पाए गए।

नायब तहसीलदार निवाई और पुलिस उपाधीक्षक निवाई की रिपोर्ट में भी पुष्टि हुई कि 26 अक्टूबर को ट्रस्ट की आमसभा में आसपास की तहसीलों और जिलों से करीब 4 से 5 हजार लोगों की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुए, जिसमें अध्यक्ष नरेश गुर्जर, महामंत्री रतनदीप गुर्जर व कोषाध्यक्ष जगदीशनारायण गुर्जर को चुना गया। सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग के फैसले में उक्त को वैध पदाधिकारी माना गया है।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत निकाली हेलमेट जागरूकता रैली




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार द्वारा 1 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित सडक़ सुरक्षा माह के अंतर्गत आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार, 6 जनवरी को सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर मोटरसाइकिल हेलमेट रैली का आयोजन किया गया। रैली का आयोजन जिला प्रशासन, यातायात पुलिस, परिवहन विभाग, वाहन डीलरों, ड्राइविंग स्कूलों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं नागरिकों के सहयोग से किया गया। हेलमेट रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट, ज्योति नर्सिंग होम, बरवाड़ा बस स्टैंड, सब्जी मंडी, पुरानी ट्रक यूनियन एवं अंबेडकर सर्किल होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट पहुंची। रैली के माध्यम से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया। जिला परिवहन अधिकारी हनुमान मीणा ने बताया कि सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आमजन में जिम्मेदार नागरिक होने का भाव विकसित करते हैं।

# चरागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर चला पीला पंजा

## पालिका प्रशासन आया हरकत में, अतिक्रमियों में हड़कंप

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अलियाबाद मोड पर स्थित करोड़ों रूपए की बेशकीमती चरागाह भूमि पर अवैधरूप से काटी गई कॉलोनी में नगरपालिका प्रशासन व पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट व सहायक अभियंता चन्द्रप्रकाश मीणा के नेतृत्व में दो जेसीबी मशीनों से अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान अतिक्रमियों द्वारा विरोध करने पर समझा बुझाकर अतिक्रमण हटाया गया। अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि अलियाबाद मोड पर स्थित चारागाह भूमि पर काटी गई अवैध कॉलोनी में लोगों ने तारबंदी, चार दीवारी व पक्का निर्माण करके अतिक्रमण कर रखा था। जिसकी लोगों द्वारा नगर पालिका कार्यालय में शिकायत करने पर मंगलवार को पालिका प्रशासन ने दो जेसीबी मशीनों सहित ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की सहायता से नगर पालिका के



अक्रिमण दस्ते द्वारा अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। इस दौरान अतिक्रमियों में हडकंप मच गया। अतिक्रमियों द्वारा विरोध करने पर समझा बुझाकर अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर सैंकडों तमाशबीन लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिसको पुलिस प्रशासन द्वारा खदेडा गया। इस अवसर पर नगरपालिका आरआई मनीष गौर, सहायक अभियंता चन्द्रप्रकाश मीणा, सहायक अभियंता पप्पूलाल मीणा, स्वास्थ्य निरीक्षक गजेन्द्र सिंह, कनिष्ट अभियंता राजप्रतापसिंह राणावत, कनिष्ट अभियंता चन्द्रप्रकाश जाट, कनिष्ट सहायक रोड़ूमल सैनी, अतिक्रमण प्रभारी बाबूलाल पंडा, फायर मैन हनुमान गुर्जर, विनोद चांवरिया, रामबाबू नकवाल, लालचन्द नकवाल व राहुल पाटन सहित कई पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद थे।

**सरकारी अस्पताल, कॉलेज और डाक बंगले के बाहर वर्षों से गंदगी का अंबार, कागजों में हो रही सफाई**

# देवली नगर पालिका में नालों की सफाई के नाम पर भ्रष्टाचार का खुला खेल

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी) ।** शहर की नगर पालिका की कार्य नीति मे भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि उसे मूलभूत सुविधाओं जैसे कार्यों की स्थिति के धरातल पर साफ तौर पर देखा जा सकता है।

मामला यह है कि देवली शहर के नालों मे भरी गंदगी की सफाई धरातल पर नहीं होकर केवल कागजों में हो रही है। यहां सरकारी अस्पताल और महाविद्यालय के बाहर तो वही डाक बंगले के सामने नालों की सफाई लंबे समय से नही होने के कारण गंदगी का आलम इस कदर बना हुआ है कि इस कार्य पेठे हुऐ सरकारी धन खर्च पर भ्रष्टाचार साफ तोर पर देखा जा सकता है। प्रतिवर्ष-करोड़ों के बजट के बावजूद शहर के अधिकांश नाले गंदगी से सटे हुए हैं। इनकी सफाई



के नाम पर खर्च किए गये धन की पोल खुलकर सामने आ रही है।

ऐसे में यहां समझने वाली बात तो यह है कि यहां छोटे बड़े सभी नालों में जमा गंदे पानी के जलभराव से उठने वाली बीमारियों का खतरा आमजन के बीच बना हुआ है। हमेशा देखा गया है कि शहर भर के नालों की सफाई के कार्य में महज खानापूर्ति, होती चली जा रही है। इसलिए की धरातल पर नालो कि सफाई कभी भी पूर्ण रूप से नहीं हो पाई है। ऐसे हालातो पर.एक तरफ तो सरकारें सफाई के कार्यों में ड्रोन से निगरानी जैसे कदम उठाने की बात करती हैं। तो वहीं दूसरी तरफ



देवली नगर पालिका क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े नालों में गंदगी का आलम बना हुआ है। इस कारण नालों की हालात काफी दयनीय बनी हुई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के छोटे और बड़े नालों की सफाई के लिए सत्र 2025-26 मे लाखों रुपयो के टेण्डर निकाले गए हैं। इसके बावजूद यहां लोग नालों की सफाई नहीं होने जैसी गंभीर समस्या से परेशान चल रहे है। जबकि ऐसे हालातो की जानकारी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा को कई मर्तबा दी गई है। इसके बावजूद उक्त अधिकारी ने ऐसे हालातो का जायजा लेना तक उचित नहीं समझा हुआ है। इस पर यह कहना मुश्किल नहीं होगा कि नालों की सफाई के नाम पर खर्च होने वाला सरकारी खजाना केवल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है ।

गौरतलब है कि देवली नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा पिछले 8 वर्षों से यहां पर तैनात रहते हुए ड्यूटी कर रहे हैं। और तो और उक्त अधिकारी शहर के छपे छपे से वाकिफ है।

बावजूद इसके उक्त अधिकारी शहर की गंभीर समस्या को आज तक समझ नहीं पाये है। या यह कहे कि इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे हालातो पर जब अधिकारी सुरेश कुमार मीना से संपर्क करना चाहा तो मीडिया का फोन रिसीव नहीं किया।

## युवाओं ने जरूरतमंद गरीबों को वितरित किए गर्म वस्त्र



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** उपखंड के टहला क्षेत्र में मानवता की मिसाल पेश करते हुए डॉ. अभिमन्यु सिद्ध ने जरूरतमंदो को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कम्बल वितरित किये। ठंड से जूझ रहे गरीब और बेघर लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। गर्म वस्त्रों के वितरण से जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी एवं राहत दिखाई दी। युवाओं ने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन के पीछे की प्रेरणा यह सुनिश्चित करना था कि सर्द रातों में कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान नहीं हो। इस पुण्य कार्य में डॉ.सिद्ध, रविशंकर शर्मा, गोपाल शर्मा ,बलराम गुर्जर,सचिन सहित कई युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ सिद्ध ने बताया कि सच्ची शिक्षा किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि संवेदनशील नागरिक बनना ही सच्ची शिक्षा है। उन्होंने बताया कि सेवा कार्य से जो आत्मसंतोष मिलता है वह किसी भी अन्य कार्य में नहीं मिलता।

## पुत्र ने किये अपने पिता के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर मे श्री किशन लाल कालरा पुत्र श्री दीवान चन्द कालरा, निवासी 60 फीट रोड, अलवर,के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आर.एस. वर्मा ने बताया कि दिनेश कुमार ने अपने पिता के निधन के उपरांत उनके नेत्रदान के लिए पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को फोन किया। तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र दिनेश कुमार कालड़ा ने उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

## ट्रेफिक इंचार्ज संजय शर्मा व उनकी टीम की कार्यवाही से साफ नजर आने लगा शहर

### नो पार्किंग क्षेत्र से हटाए वाहनों से मचा हड़कंप




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** यातायात पुलिस अलवर की ओर से नो पार्किंग में खड़े होने वाले दुपहिया और चौपाइयां वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। यह शानदार कार्यवाही जहां नो पार्किंग में खड़े करने वाले चालको के लिए आफत का सबक बन रही है वहीं बेहतर नागरिकों के लिए एक सुविधा का रूप ले रही है। शहर जाम से मुक्त नजर आ रहा है। ट्रैफिक इंचार्ज संजय शर्मा और उनकी टीम लगातार नो पार्किंग से गाडिय़ों को हटा रही है। साथ बेतरतीब ढंग से खड़ी गाडिय़ों का चालान कर लोगों से जुर्माना वसूला जा रहा है। यातायात पुलिस के इंचार्ज संजय शर्मा ने बताया कि शहर को साफ सुथरा बनाने और जाम की स्थिति से निजात पाने के लिए यातायात पुलिस लगातार हार चौराहे पर और भीड़ भरे इलाकों पर इस तरीके की कार्यवाही कर रही है ताकि आमजन को सुगम और सहज यातायात उपलब्ध हो सके इसके लिए आमजन से सहयोग की भी अपेक्षा करते हैं साथ ही आज यातायात पुलिस ने बोर्ड लगाकर लोगों को जागरूक किया कि वह यातायात नियमों की अवहेलना ना करें ताकि सुरक्षित और सम सफर कर सके।

## नगर निगम द्वारा विशेष अभियान के तहत कचरा फैलाने पर की गई एक लाख से अधिक की वसूली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नगर निगम आयुक्त श्री सोहन सिंह नरूका ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहर में चलाये गए विशेष अभियान के तहत सोमवार व मंगलवार को व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, ठेली-खौमचे वालों द्वारा कचरा फैलाने पर यूजर चार्ज के रूप में 1 लाख 4 हजार 300 रूपये की वसूली की गई। उन्होंने समस्त व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, ठेली-खोमचों वालों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर सूखा व गीला कचरे का अलग-अलग कचरा पात्र रखे एवं निगम के ऑटो टिपर में ही कचरा डाले तथा कचरा नहीं फैलावे। निगम द्वारा यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

## 7 जनवरी को सिटी पैलेस में 'अलवर टाइगर मैराथन' उद्घोष कार्यक्रम होगा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्रीसंजय शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में 7 जनवरी को सांय 4 बजे से सिटी पैलेस में 8 फरवरी 2026 को होने जा रही 'अलवर टाइगर मैराथन' का उद्घोष कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में अलवर टाइगर मैराथन के ब्रांड एंबेसडर श्री रणदीप हुड्डा शिरकत कर बाघ एवं वन संरक्षण के संदेश को व्यापक जनसमुदाय तक पहुंचाएंगे। इस दौरान राजस्थान पर्यटन विभाग एवं अलवर टाइगर मैराथन के आयोजक वी-शक्ति ट्रस्ट के मध्य एमओयू होगा। एसोसिएशन फॉर इंटरनेशनल मैराथन सर्विसेज के तकनीकी निदेशक ने मैराथन की तैयारियों का जायजा लिया एसोसिएशन फॉर इंटरनेशनल मैराथन सर्विसेज के तकनीकी निदेशक एवं मोरक्को निवासी श्री रशीद बेन मेजियान एवं दुबई से अंतरराष्ट्रीय एलीट समन्वयक श्री विजय शुक्ला ने आज सिटी पैलेस में 8 फरवरी को होने जा रही अंतरराष्ट्रीय टाइगर मैराथन की तैयारियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अलवर टाइगर मैराथन के संयोजक श्री अरूण जैन, सह संयोजक श्री गगनदीप सिंह मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस समारोह (26 जनवरी) के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक आयोजित

# गणतंत्र दिवस समारोह आमजन की सहभागिता से समारोहपूर्वक मनाने हेतु संबंधित अधिकारी समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित करें-एडीएम शहर

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती बीना महावर ने आज मिनी सचिवालय के सभागार में स्थानीय इन्दिरा गाँधी स्टेडियम में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह (26 जनवरी) के आयोजन के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर महावर ने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह आमजन की भागीदारी के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिये कि आयोजन के सम्बन्ध में उन्हे सौपें गए दायित्वों को निश्चित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने समारोह में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा निकाली जाने वाली झांकियों को नवाचार कर आकर्षक बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में राजकीय विद्यालयों के साथ निजी विद्यालय और संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि नगर विकास न्यास एवं नगर परिषद के द्वारा गणतंत्र दिवस पर बाला किला, राजकीय भवनों एवं शहर के प्रमुख-प्रमुख चौराहों पर रोशनी व सजावट की व्यवस्था कराई जाऐगी। उन्होंने निर्देश दिए कि साफ-सफाई, पेयजल एवं पार्किंग की व्यवस्था नगर परिषद व नगर विकास न्यास एवं बैरिकेटिंग व्यवस्था सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा की जाये। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन के लिए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं खेलकूद के लिए जिला खेल अधिकारी नोडल अधिकारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में पुरस्कृत किए जाने वाले व्यक्तियों के प्रस्ताव अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय के कार्यालय में 21 जनवरी तक आवश्यक रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारियों को निर्देशित किया कि गणतंत्र दिवस समारोह में विरांगनाओं को सम्मानित कराने की व्यवस्था करे। समारोह में आर्म डिस्प्ले कराने हेतु सेना से समन्वय करे। कार्यक्रम के उपरान्त दोपहर में इन्दिरा गांधी स्टेडियम में मैत्री मैच का आयोजन होगा।

बैठक में एडीएम द्वितीय श्री योगेश डागुर, उपखण्ड अधिकारी अलवर श्री माधव भारद्वाज, यूआईटी के भूमि अवाप्ति अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह नरूका, सीडीईओ श्री महेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पी.सी मीणा, जिला खेल अधिकारी श्रीमती अंजना शर्मा, नगर निगम के अधिशासी अभियन्ता श्री खेमराज मीणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिनदहाड़े तलवारों से युवक की हत्या, छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले के खमनोर थाना क्षेत्र के ग्राम गांवगुड़ा में मंगलवार को दिनदहाड़े एक युवक पर धारदार हथियारों से हमला कर उसकी हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना गांवगुड़ा स्थित चमत्कार चौराहे के पास भागल झालो की मदार के ऊपर की बताई जा रही है, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई।पुलिस के अनुसार गांवगुड़ा निवासी हिम्मत सिंह पुत्र प्रताप सिंह पर आपसी रंजिश के चलते काली स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर आए छह युवकों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया। हमले में हिम्मत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए नाथद्वारा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।केलवाड़ा पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया कि थाना केलवाड़ा क्षेत्र के ग्राम पासून निवासी हमेर सिंह, नाथू सिंह, किशन सिंह, कालू सिंह, हिम्मत सिंह एवं प्रकाश सिंह द्वारा आपसी रंजिश के चलते उक्त वारदात को अंजाम दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए नाकाबंदी करवाई गई तथा पृथक-पृथक टीमों का गठन किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस जाब्ता मौके पर तैनात किया गया है। मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है एवं नियमानुसार पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार वर्तमान में मौके की स्थिति शांतिपूर्ण है।चूंकि घटना स्थल पुलिस थाना खमनोर क्षेत्र में स्थित है, इसलिए अग्रिम अनुसंधान हेतु प्रकरण को पुलिस थाना खमनोर को सुपुर्द किया गया है। पुलिस चश्मदीदों के बयान एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।दिनदहाड़े हुई इस खूनी वारदात से गांवगुड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में सनसनी फैल गई है और लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

## सडक़ सुरक्षा माह के तहत निकाली गई मोटरसाइकिल हेलमेट रैली

### परिवहन एवं यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सडक़ सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत 31 जनवरी तक चल रहे जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार 6 जनवरी 2026 को परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में मोटरसाइकिल हेलमेट रैली का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में किया गया।रैली का शुभारंभ जिला कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुई। रैली के माध्यम से दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता तथा सडक़ सुरक्षा नियमों के पालन का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी राघव शर्मा, परिवहन निरीक्षक अनिता पंवार, परिवहन उपनिरीक्षक नवीन जैन, यातायात पुलिस प्रभारी कैलाश पालीवाल एवं मुकेश फौजदार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। रैली में यातायात पुलिस, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, डीलर प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।रैली के दौरान आमजन से अपील की गई कि वे स्वयं की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करें तथा दुपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें।

## गुप्ता हॉस्पिटल टीम बनी पहली डी पी एल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** देवगढ़ नगर मे सम्पन्न हुई तीन दिवसीय डी पी एल 1टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले मे गुप्ता हॉस्पिटल की टीम ने श्री देव इलेवन को हरा कर इस सत्र की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है।यह जानकरी देते हुए टीम के श्रवण गुर्जर ने बताया की दूधिया रौशनी मे खेले गए फाइनल मैच मे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गुप्ता हॉस्पिटल की टीम ने लोकेन्द्र सिंह लकी व गौतम की शानदार बल्लेबाजी से निर्धारित ओवर मे 111रन बना कर श्री देव इलेवन को 112रन का लक्ष्य दिया। जवाब मे उतरी श्री देव इलेवन की टीम के विकेट कुछ समय के अंतराल मे गिरते रहने से टीम निर्धारित ओवर मे87 रन ही बना पाई और मैच हार गई।ज्ञात रहे की देवगढ़ मे पहली बार आठ स्पोंसर ने अपनी अपनी टीम के खिलाडियों का चयन ऑपक्शन के माध्यम से किया था. प्रतियोगिता के आयोजन समिती के वैभव श्रीमाल, सोयब मोहमद व निशांत धाभाई ने बताया की समापन समारोह मे सभी टीमों के स्पोंसर, भामाशाह व वरिष्ठ क्रिकेटर ने अपने हाथो से विजेता व उप विजेता खिलाडियों को मैडल, मेमंटो व ट्रॉफी प्रदान की ।प्रतियोगिता मे बेस्ट बॉलर राजेंद्र , बेस्ट फील्डर पप्पी, बेस्ट बेस्ट मैन नीलेश खोखर व प्रतियोगिता के मैन ऑफ़ द सीरीज हिमांशु धाभाई रहे। फाइनल मैच मे हीरो व मैन ऑफ़ द मैच भी हिमांशु धाभाई रहे ।समापन समारोह मे सुनील श्रीमाल, नितिन तिवारी, शंकर गुर्जर,गुप्ता हॉस्पिटल के नीरव सुरेश बगडिया, प्रकाश कुमार, राधे मोबाइल के ललित मेवाड़ा, तरुण वैष्णव, नरेश गायरी, टिंकू गुर्जर, आसिफ मोहमद,आँशु गुर्जरने खिलाडियों को पुरस्कार वितरित किए। फाइनल मैच के अंपायर राजेंद्र सुथार व किशन बागरिया थे।इस दौरान सैकड़ो की संख्या मे दर्शक उपस्थित थे।

## अलवर की शांतिकुंज कॉलोनी व रतन वाटिका में बन रहे इंदौर जैसे हालात, दूषित नाले से फैली दहशत

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर की शांतिकुंज कॉलोनी एवं रतन वाटिका क्षेत्र में दूषित नाले को लेकर हालात दिन-ब-दिन गंभीर होते जा रहे हैं। शांतिकुंज क्षेत्र से सटे नाले में सरस डेयरी का अत्यंत दुर्गंधयुक्त एवं कचरा युक्त पानी तथा रूपबास क्षेत्र का गंदा पानी आकर जमा हो रहा है। यह नाला पूर्व में रतन वाटिका होते हुए रेलवे लाइन की पटरी के नीचे बने नाले के माध्यम से आगे निकल जाता था, लेकिन कुछ काश्तकारों द्वारा नाले को अवरुद्ध कर दिए जाने से अब यह गंदा पानी वापस रिहायशी इलाकों की ओर बह रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर शांतिकुंज वेलफेयर समिति के अध्यक्ष विवेक खण्डेलवाल ने जिला कलेक्टर महोदया को ज्ञापन सौंपकर स्थिति से अवगत कराया। साथ ही इस मामले की जानकारी केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव को भी ज्ञापन के माध्यम से दी गई है, ताकि पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य से जुड़ी इस समस्या का शीघ्र समाधान हो सके। विवेक खण्डेलवाल ने बताया कि नाले के अवरुद्ध होने से शांतिकुंज व रतन वाटिका क्षेत्र में भारी दुर्गंध, सड़ांध, मच्छरों का प्रकोप और अस्वच्छ वातावरण फैल गया है, जिससे लोगों का घरों में रहना तक मुश्किल हो गया है। यह समस्या पहली बार नहीं उठाई गई है। इससे पूर्व 22 दिसंबर 2025 को जन समस्या शिविर में नगर विकास न्यास के समक्ष शांतिकुंज कॉलोनी के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मामला रखा गया था तथा कई बार ज्ञापन दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से हालात लगातार बिगड़ते चले गए। दिनांक 5 जनवरी 2026 को भी कॉलोनी निवासियों ने पुनः जिला कलेक्टर महोदया को ज्ञापन देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की थी, परंतु समस्या आज भी यथावत बनी हुई है। अध्यक्ष विवेक खण्डेलवाल ने बताया कि नाले के बिल्कुल समीप जलदाय विभाग की पानी की मोटर लगी हुई है, जिससे शांतिकुंज क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति होती है। यदि शीघ्र इस दूषित पानी की निकासी नहीं की गई, तो यह गंदा पानी पेयजल स्रोत में मिल सकता है, जिससे इंदौर जैसी भयावह महामारी फैलने की पूरी संभावना बन रही है और जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता। इंदौर जैसी त्रासदी को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रवासियों में भारी भय व्याप्त है। कॉलोनी में फैली गंदगी, मच्छरों और सड़ांध के कारण डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। शांतिकुंज वेलफेयर समिति ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि नाले की तत्काल सफाई कर अवरोध हटवाया जाए, सरस डेयरी के दूषित पानी की स्थायी निकासी व्यवस्था की जाए तथा जलदाय विभाग के पेयजल स्रोतों को सुरक्षित किया जाए, ताकि समय रहते किसी संभावित बड़ी जनस्वास्थ्य आपदा को टाला जा सके।

**दो दिन पहले कलेक्ट्री पर हुआ था उग्र प्रदर्शन, पुलिस ने दो संदिग्धों को किया डिटेन**

# 7 दिन से लापता युवक का कुएं में मिला शव, ब्राह्मण समाज में फूटा आक्रोश

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजनगर थाना क्षेत्र के धोइंदा गांव से सात दिन पूर्व लापता हुए युवक हरिश जोशी का शव उदयपुर जिले के घासा थाना क्षेत्र के बाड़ा बावड़ी गांव स्थित एक कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। युवक के शव की बरामदगी के बाद जिले में ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश देखने को मिला है। परिजनों ने इस मामले में अज्ञात लोगों पर हत्या की आशंका जताई है।

बताया गया कि हरिश जोशी सात दिन पूर्व बिना किसी को बताए घर से लापता हो गया था। परिजनों द्वारा 31 दिसंबर 2025 को धोइंदा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, लेकिन कई दिनों तक युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस की धीमी कार्रवाई से नाराज होकर दो दिन पूर्व सर्व ब्राह्मण समाज ने जिला कलेक्ट्री परिसर में उग्र प्रदर्शन करते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की थी।

ब्राह्मण समाज के आंदोलन के बाद जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने युवक की तलाश तेज की। इसी दौरान उदयपुर जिले के घासा थाना क्षेत्र के बाड़ा बावड़ी गांव के एक कुएं में शव मिलने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकालकर शिनाख्त करवाई, जिसकी पुष्टि हरिश जोशी के रूप में हुई।

शव मिलने के बाद परिजनों और समाज के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। ब्राह्मण समाज ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार करते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की। समाज का कहना है कि यह केवल गुमशुदगी का मामला नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या प्रतीत होती है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए राजसमंद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को डिटेन किया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने समाज के लोगों को निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है, वहीं पूरे घटनाक्रम के बाद जिले में तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रित स्थिति बनी हुई है।

# केडीए ने विकास के नाम पर डकारे करोड़ों रुपये, आज भी बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे पूर्व सैनिक व पट्टेधारी

बढ़ता राजस्थान





**कोटा(विनोद गौड़)।** बंधा धर्मपुरा रोड स्थित वर्षों पुरानी सैनिक ग्राम लखावा कॉलोनी में रहने का सपना देख रहे पूर्व सैनिक आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशान हैं। कॉलोनी में न तो बिजली-पानी की व्यवस्था है और न ही सडक़ व नालियों का निर्माण किया गया है, जबकि कॉलोनी के विकास के नाम पर यूआईटी/केडीए कोटा के खाते में लगभग 7 करोड़ रुपये जमा हैं।

### सैनिको के आवास सुविधाओ के लिए बनी थी समिति

यह कॉलोनी वर्ष 1994 में डिफेंस गृह निर्माण प्राइवेट लिमिटेड, कोटा द्वारा सैनिकों के लिए विकसित की गई थी। समिति के सचिव महेंद्र गुप्ता ने बताया कि संस्था ने यह भूमि चार खातेदारों से विधिवत खरीदी, जिनमें प्रमुख रूप से चंद्रकांत/श्रीकांत पंडित व उनके परिजन शामिल थे। कॉलोनी के सभी भूखंड यूआईटी कोटा में धारा 90-बी के अंतर्गत दर्ज हैं तथा वर्ष 2001 में तीन बार नोटिफिकेशन जारी किए गए थे। वर्ष 2021 में यूआईटी द्वारा ले-आउट प्लान स्वीकृत किया गया, जिसमें करीब 490 आवासीय भूखंड, 10 व्यावसायिक भूखंड, 3 पार्क और 1 ओसीएफ शामिल हैं। कलेक्टर कोटा के आदेश पर लगभग 260 पट्टे जारी किए गए, जिनके बदले सैनिकों व आवेदको से विकास शुल्क, भू उपयोग रूपांतरण शुल्क, हस्तांतरण शुल्क सहित विकास करोड़ों रुपये वसूले गए। आरोप है कि इसके बावजूद केडीए ने आज तक कॉलोनी में कोई ठोस विकास कार्य नहीं कराया।

पूर्व सैनिकों का कहना है कि जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा की, वे आज अपनी ही खरीदी जमीन पर घर बनाने को तरस रहे हैं। सैनिकों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच, भूमाफियाओं पर कार्रवाई और तत्काल कॉलोनी में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। समिति के माध्यम से प्लॉट खरीदने वाले के डी चौधरी ने केडीए द्वारा नियोजित और तरीके से बसाई व काटी गई कॉलोनी को जानबूझकर उपेक्षित करने की बात कही। तत्कालीन यूआईटी और केडीए जनता की गाढ़ी कमाई को एग्रीकल्चर और सिवाय गेर खातेदारी जमीनों पर अवैध कब्जे व प्लॉनिंगों में खर्च कर रही है। पिछले कई सालों से एग्रीकल्चर जमीनों पर बसी अवैध कॉलोनी में सीवरेज के नाम पर अरबो रुपए खर्च कर दिए गए बिजली के पोल सीसी रोड सहित पीएचडी की पेयजल सुविधा भी पहुंचा दी गई लेकिन 25 साल पुरानी व पैसा जमा, नियोजित कॉलोनी के साथ दोहरा रवय्या अपनाया जा रहा है।

### इनका कहना

30-35 साल से जो आस बंधी हुई है प्रशासन गैर जरूरी विवादों को जन्म न देते हुए,हमारे बुढ़ापे में रिटायरमेंट के बाद अपना घर बनाने की उम्मीद है उसे जिंदा रहने दे।

**-ब्रिगेडियर अतुल मिश्रा**

हम सभी सैनिकों की यूआईटी /केडीए से मांग है कि वह वर्षों पुरानी कॉलोनी मे समुचित विकास करवाए क्योंकि केडीए ने विकास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को देने के नाम पर हम सभी भूखंड धारियों का लगभग7 करोड़ रुपए जमा करवाए हैं ।

**कर्नल जोगिंदर सिंह चौहान**

पिछली जनसुनवाई में समिति द्वारा विकास कार्य हेतु मांग रखी गई थी। जिसके लिए जनसुनवाई के पहले ही टीम भेज कर तकमीना तैयार करवाया जाएगा। वही जॉइंट सर्वे के लिए भी अन्य विभागों को लिखा जा रहा है।

**मुकेश चौधरी,सचिव**
**कोटा विकास प्राधिकरण**

# विश्व हिंदू परिषद सनातन धर्म का सुरक्षा का कवच : उत्तम स्वामी महाराज




बढ़ता राजस्थान

**कोटा(विनोद गौड़)।** श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर ध्यान योगी महर्षि उत्तम स्वामी जी महाराज ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद सनातन धर्म एवं राष्ट्र की रक्षा का सशक्त माध्यम है। वे कोटा में आयोजित अपनी भागवत कथा से समय निकालकर विश्व हिंदू परिषद कार्यालय मानव विकास भवन पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने भारत माता व भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में संघ के प्रांत सहकार्यवाह नरेंद्र कंसुरिया एवं विहिप कोटा महानगर अध्यक्ष श्रीनाथ मित्तल मंचासीन रहे। संचालन महानगर मंत्री आशीष शर्मा ने किया। महाराज श्री का स्वागत उपाध्यक्ष रणछोड़ अग्रवाल ने पगड़ी पहनाकर तथा सह मंत्री मुकेश शर्मा व राजू सुमन ने उपरना पहनाकर किया। बजरंग दल व गौ रक्षा प्रमुखों द्वारा शस्त्र स्वरूप तलवार अर्पित की गई। अपने प्रवचन में उत्तम स्वामी महाराज ने समर्थ रामदास व शिवाजी महाराज के प्रसंग के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रधर्म की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन, कुटुंब प्रबोधन तथा समाज में बढ़ती चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला।

# रामगंजमंडी श्मशान घाट से अस्थि चोरी, 15 दिन में तीसरी वारदात

## धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली घटना, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** शहर के श्मशान घाट से लगातार हो रही अस्थि चोरी की घटनाओं ने आमजन में आक्रोश और भय का माहौल बना दिया है। बीते 15 दिनों में यह तीसरी घटना है, जिससे श्मशान घाट की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग गया है। ताजा मामला गायत्री धाम कॉलोनी निवासी लीला देवी शर्मा (52) से जुड़ा है। कैंसर से पीड़ित लीला देवी का अंतिम संस्कार 4 जनवरी को सुबह 10.30 बजे रामगंजमंडी श्मशान घाट में किया गया था। मंगलवार सुबह तीसरे की रस्म के लिए पहुंचे परिजनों को अस्थियां व राख गायब मिलीं। परिजन राजकुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार रात तक सब कुछ सुरक्षित था, लेकिन रात में अज्ञात लोगों ने अस्थियां चोरी कर लीं। गौरतलब है कि इससे पहले 22 दिसंबर को रामप्रकाश मदान और 1 जनवरी को मुन्नी बाई सोनी की अस्थियां भी चोरी हो चुकी हैं। सूचना पर डीएसपी घनश्याम मीणा और थाना अधिकारी संदीप शर्मा पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं पूर्व पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल ने श्मशान घाट में सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात कही। लगातार घटनाओं से लोगों में भारी रोष है और प्रशासन से स्थायी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की जा रही है।

# शीत लहर को देखते हुए विद्यालयों में दो दिवस का अवकाश घोषित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** जिले में आगामी कुछ दिनों तक कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर के मध्यनजर जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री पीयूष समारिया ने कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 7 एवं 8 जनवरी का अवकाश घोषित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार कोटा जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक कक्षा से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 7 से 8 जनवरी तक (दो दिवस) का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। शेष कक्षाएँ प्रात: 10 से सायं 4 बजे तक यथावत संचालित होंगी। अवकाश सिर्फ विद्यार्थियों के लिए लागू होगा। शेष स्टाफ (शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक) यथावत कार्य करेंगे। उक्त आदेश की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना आवेदन की तिथि 31 जनवरी तक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजनान्तर्गत जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय महाविद्यालय की स्नातक, स्नातकोत्तर कक्षाओं (केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रमों कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के लिए) में नियमित रूप से अध्ययनरत छात्र जो घर से दूर रहकर अन्य स्थान पर कमरा किराए पर लेकर अध्ययन कर रहे हैं, उन छात्रों के लिए आवास, भोजन एवं बिजली-पानी इत्यादि सुविधाओं के लिए पुनर्भरण राषि के रूप में 2 हजार रूपये प्रतिमाह प्रतिवर्ष (अधिकतम 10 माह के लिए) दी जाएगी। संयुक्त निदेषक सविता कृष्णिया ने बताया कि छात्र ई-मित्र या एसएसओ आईडी के माध्यम से 31 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

# आस्था का सैलाबः सवाई माधोपुर के बाद बूंदी के बाण गंगा में विराजी 'चौथ माता', तिल चौथ पर उमड़ा जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान



**बून्दी (अनन्त दाधीच)।** प्रदेश में सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा के बाद, बूंदी की बाण गंगा स्थित पहाड़ी पर विराजित चौथ माता का मंदिर अपनी अनूठी महिमा के लिए जानी जाती है। राजस्थान में माता का यह दूसरा सबसे बड़ा दरबार माना जाता है, जहाँ इस वर्ष भी तिल चौथ के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### भक्ति के पथ पर उमड़े कदम

तिल चौथ के उपरांत रात को 12 से ही श्रद्धालुओं का ताता लगना शुरू हो गया, ओर मेले के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन हेतु पहुँचे। भक्ति का आलम यह था कि कोई मीलों का सफर पैदल तय कर माता के दरबार पहुँचा, तो कोई वाहनों के जरिए हाजिरी लगाने आया। कड़ाके की ठंड और ऊँची पहाड़ी की चढ़ाई भी श्रद्धालुओं के उत्साह को कम नहीं कर सकी।

सुरक्षा और सेवा के पुख्ता इंतजाम पुलिस प्रशासन भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। चप्पे-चप्पे पर जाब्ता तैनात किया गया ताकि व्यवस्था बनी रहे। जाम की स्थिति न बने, इसके लिए वाहनों को मंदिर परिसर से काफी दूर ही रोक दिया गया था।

जन सेवाः रास्ते भर जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया, जहाँ स्वयंसेवकों द्वारा यात्रियों को चाय, पानी और अल्पाहार नाश्ता निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। माता के जयकारों से पूरी घाटी गूँज उठी। जहाँ युवाओं और बुजुर्गों ने परिवार की सुख-समृद्धि की मन्नत मांगी, वहीं सुहागिन महिलाओं ने माता के चरणों में शीश नवाकर अपने अखंड सुहाग और लंबी आयु की कामना की। बाण गंगा की पहाडियों पर स्थित यह मंदिर इस समय पूरी तरह भक्ति के रंग में सराबोर है।

# रावतभाटा में यातायात, पार्किंग व स्वच्छता व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा, (नि.स.)।** उपखण्ड अधिकारी रावतभाटा डॉ. कृति व्यास की अध्यक्षता में उपखण्ड कार्यालय के सेमिनार हॉल में नगर की यातायात, पार्किंग, सडक़ अतिक्रमण एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोटा बैरियर से एनटीसी गेट नम्बर 04 तक पीली पट्टी के बाहर सामान रखने पर सख्ती बरतने, अवैध रूप से खड़े टेंपो हटाने, निर्धारित बस स्टॉप के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर बसें नहीं रोकने तथा संवेदनशील एवं घुमावदार सडक़ों पर बस ठहराव पर पूर्णतः रोक लगाने के निर्देश दिए गए। अनुबंधित वाहनों को निर्धारित स्थानों पर ही खड़ा करने, थाना से नीचे बाजार तक सडक़ की ढलान पर नियमानुसार स्पीड ब्रेकर निर्माण, रविवार की हाट बाजार के लिए वैकल्पिक स्थान के चयन पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही आवारा गायों को गौशालाओं में स्थानांतरित करने, ग्राम बोराव में आवारा श्वानों की नसबंदी कराने, चामला पुलिया क्षेत्र की तत्काल सफाई सुनिश्चित करने, दुकानों के आगे कचरा पात्र अनिवार्य रूप से रखने तथा दुकानों के बाहर अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों एवं रेहडियों को हटाने के निर्देश दिए गए।

राजस्थान रोडवेज बस सेवा में लापरवाही का मामला

# गंतव्य तक नहीं गयी बस तो यात्री ने दो बार की शिकायत अब मिला रिफंड

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (आरएसआरटीसी) की कोटा-उज्जैन एवं उज्जैन-कोटा बस सेवा में लापरवाही का मामला सामने आया है। यात्री द्वारा दर्ज कराए गए परिवाद संख्या 122507425106888 पर विभागीय कार्रवाई के बाद अंततः टिकट राशि का रिफंड प्रदान किया गया। प्रार्थी देवेश गुप्ता (आरटीआई एक्टिविस्ट एवं सामाजिक कार्यकर्ता) ने शिकायत में बताया कि 12 दिसंबर 2025 को उज्जैन से कोटा की यात्रा के दौरान संबंधित रोडवेज बस निर्धारित नानाखेड़ा बस स्टैंड तक नहीं पहुंची और यात्रियों को देवास गेट पर ही उतार दिया गया। इसके कारण उनकी अगली बस छूट गई। मजबूरी में उन्हें निजी व अन्य रोडवेज बसों से यात्रा करनी पड़ी, जिससे आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी हुई। प्रारंभिक स्तर पर यह कहकर परिवाद निरस्त कर दिया गया था कि बसों का संचालन देवास गेट से ही होता है, इसलिए रिफंड संभव नहीं है। इससे असंतुष्ट होकर प्रार्थी ने कार्मिक विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल), राजस्थान में पुनः शिकायत दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग की। मामले की पुनः समीक्षा के बाद 30 दिसंबर 2025 को डिपो मैनेजर एवं चीफ मैनेजर, आरएसआरटीसी झालावाड़ द्वारा की गई कार्रवाई में यात्री को टिकट राशि का रिफंड दिया गया। यह प्रकरण सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में यात्रियों की शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण और विभागीय जवाबदेही को रेखांकित करता है।

# महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने किया बून्दी अभिभाषक परिषद् की नई कार्यकारिणी का भव्य अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान



**बून्दी (अनन्त दाधीच)।** विधि और न्याय व्यवस्था के सम्मान तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक गरिमामय समारोह का आयोजन ईश्वरी निवास में किया गया। इस कार्यक्रम में बून्दी के महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने अभिभाषक परिषद् की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया।

### न्याय की मजबूती के लिए अधिवक्ताओं की भूमिका अहमः महाराव

समारोह को संबोधित करते हुए महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने न्यायपालिका और अधिवक्ताओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहाः अधिवक्ता केवल मुकदमों की पैरवी नहीं करते, बल्कि वे समाज को न्याय का मार्ग दिखाते हैं। लोकतंत्र की रीढ़ को मजबूत रखने की बड़ी जिम्मेदारी आप सभी के कंधों पर है। महाराव ने आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी न केवल अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करेगी, बल्कि आमजन को सुलभ और निष्पक्ष न्याय दिलाने में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगी। महाराव ने कार्यकारिणी के प्रत्येक सदस्य का व्यक्तिगत रूप से अभिनंदन किया। सम्मानित होने वाले मुख्य पदाधिकारियों में शामिल रहे नारायण सिंह गोड़ अध्यक्ष,अनीस मोहम्मद उपाध्यक्ष, पंकज दाधीच सचिव, संजय शर्मा कोषाध्यक्ष, किशन लाल वर्मा सह सचिव, मुरारी शर्मा पुस्तकालय अध्यक्ष, औराक नोमी नैय्यर प्रवक्ता, इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य एजाज रिज़वी, हेमराज मीणा, कमलेश गुर्जर, अंकित शर्मा, सोनू सैनी एवं अरविन्द शर्मा का भी विशेष सम्मान किया गया।

### परिषद की प्रतिबद्धता

अध्यक्ष नारायण सिंह गोड़ ने महाराव का आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि परिषद् पूरी निष्ठा के साथ अधिवक्ताओं के कल्याण और आम जनता को सरल न्याय दिलाने के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

### गरिमामय उपस्थिति

इस अवसर पर महाराजा बलभद्र सिंह कापरेन, वरिष्ठ एडवोकेट हरीश गुप्ता, एडवोकेट शिफा-उल-हक़, 'द नाहर' संस्था के सचिव संजय खान, सिल्विन क्वार्डस, राजवीर सिंह, जोगेंद्र सिंह, विजय सोलंकी और सागर कुमार जैन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का 24वां महाधिवेशन व मजदूर महापंचायत आयोजित

# जगदीश राज श्रीमाली चौथी बार निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान




**कोटा(विनोद गौड़)।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के 24वें महाधिवेशन एवं मजदूर महापंचायत का आयोजन ब्यावर स्थित एक निजी होटल में किया गया। इस अवसर पर राजस्थान इंटक की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली की अध्यक्षता में तथा केंद्रीय इंटक द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक एवं झारखंड इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई।

बैठक में कुल 21 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिन्हें प्रतिनिधि सभा द्वारा अनुमोदन के पश्चात केंद्र व राज्य सरकार को भेजा जाएगा। श्रीमाली ने बताया कि 21वां अधिवेशन जयपुर, 22वां ब्रह्माकुमारी और 23वां उदयपुर में आयोजित हुआ, जबकि 24वें अधिवेशन का शुभारंभ 3 जनवरी को औद्योगिक नगरी ब्यावर में हुआ। इस दौरान प्रदेश भर से आए करीब दो हजार प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जगदीश राज श्रीमाली को चौथी बार राजस्थान इंटक के प्रदेश अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया। निर्वाचित होने पर प्रतिनिधियों ने साफा, पगड़ी व मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि पांडे ने संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

# पंचायती राज विभाग कराएगा विद्यालयों में शौचालयों की सफाई

## ग्रामीण स्कूलों में स्वच्छता के लिए मंत्री मदन दिलावर की नई पहल

बढ़ता राजस्थान



**कोटा(विनोद गौड़)।** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित राजकीय विद्यालयों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर पंचायती राज विभाग को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंत्री के निर्देशानुसार विद्यालय परिसरों एवं शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए निदेशालय स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) ने आदेश जारी किए हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की निदेशक सलोनी खेमका द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रदेश के समस्त राजकीय विद्यालयों में चारदीवारी के भीतर सार्वजनिक परिसरों, कक्षाओं के बाहर तथा शौचालयों की सफाई का कार्य संवेदकों के माध्यम से कराया जाएगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण विद्यालयों में स्वच्छता को संतोषजनक स्तर पर बनाए रखना है। प्रारंभिक चरण में प्रदेश के 77 पीएमश्री विद्यालयों में यह स्वच्छता अभियान शुरू किया जाएगा। इसके बाद पंचायतों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के सभी विद्यालयों में नियमित सफाई कार्य कराया जाएगा।

# जनवरी के पहले सप्ताह में कड़ाके की ठंड का कहर, सूर्यदेव के लिए तरसे लोग

## दिनचर्या बिगड़ी तो अलाव बने सहारा, सरकारी कार्यालयों में सताई कार्मिको को सर्दी

### स्कूल खुले लेकिन नहीं आये बच्चे, बाद में कलेक्टर ने बढ़ाई बच्चो की दस तक छुट्टियां

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जनवरी महीने में उपखंड क्षेत्र में कड़ाके की सर्दी का जोर जारी है। मंगलवार को पूरे दिन जहां सूर्यदेव के लोगों को दर्शन नहीं हुए हैं वही पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं ने जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। ऐसे में कोर्ट परिसर हो या सरकारी कार्यालय,हर जगह अलाव के सहारे ही लोग सर्दी से बचने का जतन कर रहे हैं। कड़ाके की सर्दी के चलते कामकाज भी प्रभावित हुआ है। कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद शौकत अली ने बताया कि इस बार जनवरी महीने में 6 दिन के दौरान केवल एक दिन ही सूर्यदेव के दर्शन हुए हैं। अन्यथा सर्दी लगातार बढ़ती नजर आ रही है। मंगलवार को जहां न्यूनतम तापमान 6 डिग्री से भी कम दिखाई दे रहा है। वही अधिकतम तापमान भी 15,16 पर अटक गया है। ऐसे में सुबह से ही सर्दी इतनी तेज है कि लोग अलाव के सारे ही बैठे



हुए हैं। कोर्ट में पूरे दिन क्लाइंट के आने की संख्या भी बहुत कम रही है। ऐसे में कामकाज भी प्रभावित हुआ है।

कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी राममुकुट गुर्जर ने बताया कि रवि की फसल में खासतौर पर गेहूं के लिए कड़ाके की ठंड जरूरी होती है। इस ठंड से ही गेहूं का पौधा बढ़ता है और उसमें पुष्पम होता है। यह कड़ाके की ठंड एक सप्ताह और चलेगी। इसके बाद मकर संक्रांति से तापमान बढ़ेगा। वही मंगलवार को सरकारी एवं निजी स्कूलों के विंटर वेकेशन खत्म होने के बाद स्कूल खुले, लेकिन उनमें कोई रौनक दिखाई नहीं दी। अभिभावकों ने अपने बच्चों को कड़ाके की ठंड के चलते स्कूल नहीं भेजा। जिला प्रशासन द्वारा कड़ाके की ठंड के चलते स्कूलों में बच्चों की छुट्टी बढ़ाने के लिए सुबह सवेरे कोई आदेश जारी नहीं हुआ बाद में तीन बजे जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी द्वारा स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चो की छुट्टियां दस जनवरी तक रखने के आदेश जारी हुए है। ऐसे में सात से 10 जनवरी तक सभी निजी और सरकारी स्कूलों में एक से आठ तक के बच्चो का अवकाश रहेगा।

# भरतपुर जिले में एक जिला एक उपज के तहत शहद को मिलेगा नया बढ़ावा

### मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** बढ़ती आबादी और सीमित संसाधनों के कारण रोजगार की समस्या से निपटने के लिए मधुमक्खी पालन एक प्रभावी विकल्प बनकर उभरा है। कृषि लागत में वृद्धि और जोतों के बंटवारे से कृषि कार्य अब पूरे परिवार का पालन-पोषण करने में असमर्थ हो रहा है। ऐसी स्थिति में शहद उत्पादन आसानी से शुरू किया जा सकता है, जो अतिरिक्त आय का स्रोत बन सकता है।

भरतपुर जिला मधुमक्खी पालन में अग्रणी है। वर्ष 1997 से यहां यह कार्य शुरू हुआ, जिसमें वर्तमान में लगभग 585 इकाइयों से 1600 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष और 2000 को परोक्ष रोजगार मिल रहा है। जिले में करीब 80 हजार मधुमक्खी बॉक्स हैं, जिनसे सालाना लगभग 2400 मीट्रिक टन शहद और 48 मीट्रिक टन मोम का उत्पादन हो रहा है। जिले की एकमात्र निजी शहद प्रसंस्करण इकाई बृज हनी मधुमक्खी पालकों का मुख्य खरीदार है।

उद्यानिकी विभाग उप निदेशक जनक राज मीना ने बताया कि पंच गौरव कार्यक्रम के तहत प्रस्ताव भरतपुर में एक जिला एक उपज के रूप में शहद का चयन किया गया है। मधुमक्खी पालन को और बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री की बजट घोषणा 2023-24 के तहत भरतपुर में मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की जा रही है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-21 पर ग्राम मई गुर्जर में 9.83 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। केंद्र की आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा कार्य किया जा रहा है।

# बिजली चोरी को लेकर डिस्कॉम की कार्यवाही आधा दर्जन मोहल्लों में मारा छापा

### एक दर्जन बिजली चोर पकड़े, करीब ढाई लाख का जुर्माना


बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जयपुर विद्युत वितरण निगम की टीम द्वारा मंगलवार को शहर के आधा दर्जन मोहल्लों में बिजली चोरी को लेकर कार्रवाई की गई। उक्त अभियान में एक दर्जन बिजली चोरों को डिस्कॉम की टीम ने पकड़ा है। जिनके खिलाफ वीसीआर भरे जाने के साथ विद्युत निगम थाने में बिजली चोरी का मामला दर्ज कराया जा रहा है। वही टीम ने कार्रवाई के दौरान 90 बिजली केबिलों को जप्त किया है। जिनके द्वारा चोरी से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। डिस्कॉम के सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया की एक्सईएन गोविंद सिंह के साथ डिस्कॉम के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को डिस्कॉम की टीम ने गुमट मोहल्ले के साथ शेरगंज कॉलोनी,गैरत खेल,तकिया चौक,करमपुरा और नया बांस में कार्रवाई की है। उक्त कार्रवाई में 12 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। जिनके खिलाफ वीसीआर भरी गई है साथ में 2.40 लाख रुपए का जुर्माना किया है। इन सभी चोरों के खिलाफ डिस्कॉम के थाने में विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया जा रहा है। वहीं मौके से डिस्कॉम कर्मचारियों ने 90 बिजली केबिलों को जप्त किया है। जिनसे बिजली चोरी की जा रही थी। एईएन आरडी मीणा ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जिनके मीटर नहीं है वह मीटर की फाइल लगाकर कनेक्शन ले और निर्बाध रूप से बिजली का उपयोग करें। बिजली चोरी करते हुए पाए जाने पर न केवल जुर्माना बल्कि विद्युत थाने में भी मामला दर्ज कराया जाएगा।

# व्यापारी पिता पुत्र के साथ कट्टे की नोक पर बदमाशों ने की लूट की कोशिश

### डीग शहर में सोमवार की देर शाम 8 बजे चौधरी कटरा मोड की है घटना

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** डीग शहर के पुरानी डीग स्थित चौधरी के कटरा वाले रास्ते पर सोमवार की देर शाम करीब 8 बजे दो युवकों ने कट्टे की नोक पर बाइक पर दुकान से अपने घर लौट रहे व्यापारी पिता पुत्र को लूटने का प्रयास किया जो व्यापारी पुत्र द्वारा विरोध करने पर विफल हो गया। डीग शहर में घंटाघर के पास चीनी घी के थोक व्यापारी बसंत कुमार जैन अपने पुत्र पवन कुमार जैन के साथ सोमवार की ढेर सारी करीब 8 बजे अपनी दुकान बंद करके बाइक पर अपने घर जा रहे थे,जैसे वह पुरानी डीग स्थित चौधरी कटरा के मोड़ पर पहुंचे वहां पहले से अपने चेहरों पर ढाटा लगाकर खड़े दो युवकों में से एक पीछे झपट्टा मारकर बाइक पर पीछे बैठे वसंत कुमार की शाल छीन ली । जब बाइक रोकी तो एक युवक ने बसंत जैन के सिर पर कट्टा लगा दिया। पवन जैन द्वारा प्रतिरोध करने पर दोनों युवक पीछे से तेजी से बाइक लेकर आए तीसरे साथी के साथ बाइक पर बैठ कर कंस मोहला के रास्ते दिल्ली दरवाजे की ओर भाग गए। पीड़ित व्यापारी इसकी सूचना मोबाइल से पुलिस को दी जिस पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची लेकिन तब तक तीनों युवक फरार हो चुके थे।

# मई गूजर गांव की सरकारी जमीन पर बने नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट

### समृद्ध भारत अभियान के निदेशक ने मुख्य मंत्री को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** केंद्र सरकार द्वारा भरतपुर में खोले जाने वाले नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एनएसटीआई) को उच्चैन पंचायत समिति क्षेत्र के गांव मई गूजर की चारागाह भूमि पर स्थापित किया जाये। इस सम्बन्ध में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि मई गूजर गांव में मौजूद चारागाह भूमि इस राष्ट्रीय संस्थान के लिए उपयुक्त है और इस गांव में करीब 10 हैक्टेयर चारागाह भूमि भी मौजूद है जिसकी चारदीवारी भी मौजूद है। गुप्ता द्वारा लिखे पत्र में कहा है कि उद्यान विभाग ने मई गूजर गांव की इस जमीन पर बी-कीपिंग एक्सीलेंस सेन्टर खोलने



का प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाया है किन्तु एक्सीलेंस सेन्टर के लिए सरसों अनुसंधान केंद्र व महिला जेल के मध्य खाली भूमि अधिक उपयुक्त रहेगी। क्योंकि इस सेन्टर को सरसों अनुसंधान केंद्र की प्रयोगशालाओं व अनुसंधानों का लाभ भी मिलेगा। ऐसी स्थिति में बी-कीपिंग एक्सीलेंस सेंटर सरसों अनुसंधान केंद्र के पास व एनएसटीआई मई गूजर गांव में खोलना अधिक उपयुक्त व व्यवहारिक रहेगा । इसके अलावा मई गूजर गांव की भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 21 व 123 के मध्य है। इस स्थल पर प्रशिक्षार्थी आसानी से आ-जा सकते हैं। निदेशक ने यह भी सुझाव दिया है एनएसटीआई राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण संस्थान है जिसमें राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों के प्रशिक्षार्थी भी प्रशिक्षण लेंगे। जिनके आवास के लिए हॉस्टल बनाने हेतु मई गूजर गांव की चारागाह की पर्याप्त भूमि उपलब्ध है तथा यह स्थल राजमार्ग के समीप होने के साथ भरतपुर से मात्र 10 किलोमीटर व आगरा से 50 किलोमीटर दूर है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इस प्रस्ताव को सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान कर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएँ।

# बाड़ी ब्राह्मण समाज के विप्र मंडल ने जयपुर पहुंचकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लिया भाग



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** मोती डूंगरी महंत कैलाश चंद्र शर्मा की प्रेरणा से पैराडाइज गार्डन में सप्त ऋषि मंडल द्वारा ब्राह्मण समाज का पौषबड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रहे। इनके अलावा कैबिनेट मंत्रियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। गौड़ सनाढ्य फाउंडेशन जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में लक्ष्मी नारायण शर्मा, सुरेश शर्मा, राजकुमार वेशानदार, बनवारी लाल शर्मा, डॉ रामगोपाल शर्मा मुन्नालाल शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, विशम्बर दयाल शर्मा, दीपू शर्मा ने कार्यक्रम में शिरकत की इसके अलावा राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष केशरी शर्मा, गौड़ सनाढ्य फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष देवी शरण शर्मा ,ब्राह्मण महासभा के उपाध्यक्ष रामदयाल शर्मा से मिलकर सामाजिक राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की। सांसद घनश्याम तिवारी को अन्य जनप्रतिनिधियों को बाडी क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

# वैश्विक स्तर पर लगभग 25 प्रतिशत मृत्यु सर्वाईकल कैंसर के कारण हो रही है

### सर्वाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग का प्रशिक्षण जिला स्तर पर हो रहा है आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिले में 6 से 8 जनवरी तक एनपीएनसीडी कार्यक्रम से संबंधित सर्वाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग का प्रशिक्षण जिला स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रुप से प्रतिभागी महिला चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। एनपीएनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी(स्वा0), भरतपुर डॉ. असित श्रीवास्तव, है। उक्त प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षक डॉ नीतू सिंह चिकित्सा अधिकारी है जिनके द्वारा उक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डॉ. असित श्रीवास्तव ने बताया कि एसिटिक एसिड के साथ विजुअल इंस्पेक्शन को हिंदी में एसिटिक एसिड से गर्भाशय ग्रीवा का दृश्य निरीक्षण कहते हैं, जो एक सरल, सस्ता और कम संसाधन वाले क्षेत्रों में गर्भाशय ग्रीवा के प्री-कैंसर घावों का पता लगाने की स्क्रीनिंग विधि है, जिसमें गर्भाशय ग्रीवा पर एसिटिक एसिड लगाने के बाद सफेद होने वाले क्षेत्रों को देखा जाता है, जो कैंसर या प्री-कैंसर का संकेत हो सकते हैं और तत्काल उपचार में मदद करता है। डॉक्टर स्पेकुलम का उपयोग करके गर्भाशय ग्रीवा को दिखाते हैं और फ़्रि कॉटन स्वैब से उस पर 3-4: एसिटिक एसिड (सिरका) लगाते है। कुछ मिनटों (आमतौर पर 1 मिनट) के बाद, एक रोशनी (जैसे हैलोजन लैंप) के तहत गर्भाशय ग्रीवा



का निरीक्षण किया जाता है यदि एसिटिक एसिड लगाने के बाद गर्भाशय ग्रीवा का कोई हिस्सा, खासकर स्क्वैमो-कॉलमर जंक्शन ) के पास, सफेद दिखाई देता हप् तो यह एक सकारात्मक परिणाम है यदि कोई सफेद क्षेत्र नहीं दिखता, तो परिणाम नकारात्मक होता है। सरल और सस्ता इसके लिए महंगी लैब या विशेषज्ञ साइटोलॉजिस्ट की आवश्यकता नहीं होती तत्काल परिणाम तुरंत मिल जाते हैं। स्क्रीन-एंड-ट्रीट पॉजिटिव पाए जाने पर उसी दौर में उपचार किया जा सकता है। भारत में यह महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है (अब ब्रेस्ट कैंसर के बाद) और वैश्विक स्तर पर लगभग 25 प्रतिशत मृत्यु सर्वाईकल कैंसर के कारण हो रही है। क्योंकि इसके संबंध में पर्याप्त जानकारी नहीं होने के कारण यह कैंसर पूरे शरीर मे फैल जाता है, जिससे रोगी की मृत्यु हो जाती है।

# पीएलसीपीसी बाल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित

## बाल सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा, बाल विवाह मुक्ति की दिलाई शपथ

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** उच्चैन ब्लॉक के पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत भैंसा स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर सोमवार को बाल संरक्षण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। कार्यशाला में प्रयत्न संस्था की कवच परियोजना 2.0 के पंचायत फैसिलिटेटर तेजवीर सिंह गडासिया ने बाल सुरक्षा से जुड़े हम विषयों पर विस्तृत चर्चा की बैठक में सरपंच लीला देवी, ग्राम विकास अधिकारी मिथिलेश कुमारी एवं कनिष्ठ सहायक भोजपाल, आंगनवाड़ी सहायिका, आशा सहयोगिनी, संगीता सैनी एवं वार्ड पंच सहित समिति सदस्य मौजूद रहे। कार्यशाला में उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं सदस्यों को बाल विवाह मुक्त भारत और बाल विवाह मुक्त राजस्थान बनाने का शपथ दिलाई गई। पंचायत



फैसिलिटी तेजवीर सिंह गडासिया ने चाइल्ड प्रोडक्शन चाइल्ड राइट्स तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, स्कूल ड्रॉप आउट, पलायन हुए अनाथ एवं भिक्षावृति में लिप्त बच्चों की समाज के लिये चिन्ता का विषय है। उन्होंने कहा कि बाल अवस्था में उन्हें सुरक्षा प्रदान करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यशाला में बच्चों को सरकार की योजना से जोड़ने व उनके अधिकारों से अवगत कराने पर जोर दिया। तेजवीर सिंह गडासिया ने राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति योजना, पालनहार योजना, नैपकिन योजना, महिला लाडो प्रोत्साहन योजना, विवाह सुगम योजना, ई-श्रमिक कार्ड एवं गुड टच एंड बेड टच आदि के बारे में जानकारी साझा की।

उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ खेल और मानसिक विकास समान रूप से महत्वपूर्ण है।

### श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, संगीतमय कथा पर झूमे श्रोता

# कथावाचक पं. ब्रजेश आचार्य ने सत्य और श्रद्धा का बताया महत्व

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** दिल्ली की कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित राम मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु भी कथा श्रवण के लिए पहुंचीं। कथा के शुभारंभ में सामूहिक आरती के साथ श्रीमद् भागवत पुराण की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। यह श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव बयाना क्षेत्र के गांव बागरैन निवासी रेडीमेड गारमेंट कारोबारी हेमंत गोयल एवं उनकी धर्मपत्नी की ओर से आयोजित किया जा रहा है।



आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कथा समारोह में कथावाचक पंडित ब्रजेश आचार्य ने भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े अनेक प्रसंगों का संगीतमय एवं भावपूर्ण ढंग से वर्णन किया। उनकी मधुर वाणी और भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे मन में विश्वास का भाव बढ़ता है, वैसे-वैसे समझ, समर्पण और धर्म के भाव भी प्रबल होते जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति सत्य को पहचान लेता है, तो उसके जीवन का भटकाव और भ्रांतियां स्वतः ही दूर हो जाती हैं। सत्य हमें सुख, शांति और तनावमुक्त जीवन प्रदान करता है, जबकि असत्य के मार्ग पर चलने से तनाव, भ्रम और अनेक परेशानियां जन्म लेती हैं।

इसलिए क्षणिक लाभ के लिए कभी भी झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। पंडित ब्रजेश आचार्य ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का सातों दिन श्रद्धा भाव से श्रवण करने से मनुष्य के पाप, संताप और दुख स्वतः ही समाप्त होने लगते हैं तथा घर-परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। कार्यक्रम संयोजक सोनिया गोयल ने बताया कि यह श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव आगामी 12 जनवरी तक प्रतिदिन नियमित रूप से सुचारू रूप से आयोजित किया जाएगा।

# नगर पालिका ने चलाया बंद पड़े रेलवे स्टेशन पर सफाई अभियान

### पांच वर्ष से बंद पड़ा स्टेशन बना हुआ है शराबियो और जुआरियो का अड्डा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के सैपऊ रोड स्थित नैरोगेज ट्रेन का बाड़ी रेलवे स्टेशन 5 वर्ष से बंद पड़ा है। सेंट्रल रेलवे द्वारा धौलपुर से करौली, गंगापुर तक डाली जा रही बड़ी रेल लाइन कार्य के चलते यहां ट्रेनों का संचालन बंद है। ऐसे में बंद पड़े रेलवे स्टेशन पर लगातार गंदगी का जमाव हो रहा था। वही शराबियों और जुआरियों का भी रेलवे स्टेशन अड्डा बन गया था। जिसको लेकर नागरिकों की शिकायत पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा बंद पड़े रेलवे स्टेशन की सुध ली गई है और पिछले 5 दिन से यहां पालिका के सफाई कर्मचारी सफाई कार्य में जुटे हैं। जिसके चलते रेलवे स्टेशन का नजारा अब बदला सा नजर आ रहा है। रेल्वे स्टेशन पर रेल यातायात बंद होने के बावजूद आज तक जिस तरह की सफाई नहीं हो पाई थी,वह कार्य अब नगर पालिका बाड़ी के अधिशासी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा के नेतृत्व में संभव हो पाया है। मंगलवार को सुबह सवेरे ईओ अभिताभ मीणा ने नगर पालिका की टीम के साथ रेल्वे स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया और सफाई कर्मचारियों की हौसला, अफजाई की। ईओ मीणा ने बताया कि उनका मानना है कि रेलवे स्टेशन की यहां न केवल सफाई की गई, बल्कि आमजन को यह संदेश भी दिया है कि रेल संचालन बंद होने का मतलब जिम्मेदारी खत्म होना नहीं होता।शहरवासियों ने अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा की इस पहल की खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी ही शहर की सूरत बदलते हैं, जो कार्यालय में बैठने के बजाय खुद मैदान में उतरकर काम करते हैं। गौरतलब है की अमिताभ मीणा ने 11 दिसंबर को बाड़ी में





अधिशासी अधिकारी की पद पर ज्वाइन किया है और तब से लगातार सफाई कार्य पर विशेष फोकस करते हुए शहर की व्यवस्था सुधारने में जुटे हैं। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वह सफाई कार्य में पालिका का सहयोग करें और कचरे को कचरा पात्र में एकत्रित कर डस्टबिन वाहन में ही डालें। जिससे सफाई कर्मियों को सफाई कार्य करने में परेशानी न हो और सहयोग मिले।

# खदानों के जल से सिंचाई योजना को लेकर विधायक कृपलानी का स्थलीय निरीक्षण

## शीघ्र क्रियान्वयन के दिए निर्देश, अधिकारियों को तय समय-सीमा में कार्य शुरू करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** खदानों में संचित प्राकृतिक जल को कृषि सिंचाई में उपयोग करने की स्वीकृत महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने की दिशा में मंगलवार को पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने योजना क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। विधायक कृपलानी ने टाटरमाला, सालरमाला एवं बडौली माधोसिंह क्षेत्र में स्थित पत्थर खदानों का अवलोकन कर जल संग्रहण की स्थिति, खदानों की भौगोलिक संरचना तथा प्रस्तावित स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली के संभावित बिंदुओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक कृपलानी ने सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता प्रहलाद जाट को योजना के शीघ्र एवं प्रभावी



क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि डीएमएफटी से स्वीकृत राशि का सदुपयोग करते हुए कार्य में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तकनीकी सर्वे, पाइपलाइन लेआउट, मोटर स्थापना एवं संरचनात्मक कार्य तय समय-सीमा में प्रारंभ किए जाएं, ताकि किसानों को शीघ्र लाभ मिल सके। विधायक कृपलानी ने कहा कि यह योजना केवल सिंचाई परियोजना नहीं, बल्कि निम्बाहेड़ा क्षेत्र के जल प्रबंधन और कृषि भविष्य की दिशा तय करने वाला मॉडल है। खदानों में वर्षों से व्यर्थ पड़े पानी को खेतों तक पहुंचाकर किसानों की आय बढ़ाना और भूजल स्तर में सुधार लाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा।

इस अवसर पर पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, पत्थर खदान व्यवसाय से जुड़े सुरेन्द्र डूंगरवाल, कैलाश दुबे, राधेश्याम जोशी, पितराज चारण, मोतीदान चारण, बद्रीदान चारण, सरपंच प्रतिनिधि गणेशदान चारण, पूर्व उपसरपंच धनश्याम सिंह, आशाराम माली, प्रभुदान चारण, पुखराज चपलोत, हीरालाल आचारत, रामचंद्र खटीक, श्यामलाल जटिया, प्रहलाद चारण, भगीरथ चारण सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं खदान व्यवसायी मौजूद रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने योजना को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताते हुए विधायक कृपलानी का आभार व्यक्त किया।

निरीक्षण के बाद क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल रहा। किसानों का कहना है कि योजना के लागू होने से सिंचाई की स्थायी सुविधा मिलेगी, फसल उत्पादन बढ़ेगा और क्षेत्र आर्थिक रूप से सशक्त होगा। वहीं खदानों के जल के सदुपयोग से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और निम्बाहेड़ा क्षेत्र जल आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर होगा।

## मकर संक्रांति पर बहेगी मानवता की धारा 'मानव सेवा संकल्प' का महारक्तदान शिविर

### फतेहपुरिया बगीची में बैठक कर तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप, दीपक रांकावत व मुकेश गर्ग बने संयोजक

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** मानवता की सेवा को सर्वोच्च धर्म मानने वाली सामाजिक संस्था 'मानव सेवा संकल्प' मकर संक्रांति के पावन अवसर पर एक महारक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रही है। इस जनकल्याणकारी आयोजन को सफल बनाने के लिए संस्था की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय फतेहपुरिया बगीची में आयोजित हुई, जिसमें तैयारियों और रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया बैठक में सर्वसम्मति से वन्दे गौ मातरम ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं गौ-सेवक दीपक रांकावत तथा अग्रवाल समाज के कोषाध्यक्ष समाजसेवी मुकेश गर्ग को महारक्तदान शिविर का संयोजक नियुक्त किया गया। दोनों संयोजकों ने अधिकतम रक्तदान सुनिश्चित करते हुए शिविर को




प्रेरणास्पद और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प व्यक्त किया संस्था के प्रणेता एडवोकेट अजय शर्मा ने कहा कि 'रक्तदान केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि पीडित्त मानवता के प्रति सबसे बड़ा मानव धर्म है। एक यूनिट रक्त कई जिंदगियों को जीवनदान दे सकती है।' उन्होंने युवाओं से इस पुण्य अभियान में बढ़-चढक़र भाग लेने का आह्वान किया संस्था अध्यक्ष अमित बंसल ने बताया कि शिविर की सफलता के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक व धार्मिक समूहों से संपर्क किया जाएगा तथा पोस्टर, प्रदर्शनियों और सोशल मीडिया के माध्यम से 'रक्तदान-महादान' का संदेश जन-जन तक पहुँचाया जाएगा बैठक को संस्थापक सदस्य राव विरेंद्र सिंह यादव, निर्मल बंसल, प्रवीण बडौला, प्रो. जलालुद्दीन काठात, आशीषपाल पदावत, विजेंद्र प्रजापति, गोपाल डाणी, श्रवण बंसल, एडवोकेट दिलीप सिंह गोरा, मनोज शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। सभी ने विश्वास जताया कि यह महारक्तदान शिविर सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता का सशक्त प्रतीक बनेगा।

## निजी सामूहिक भोज के दौरान मधुमक्खियों का हमला, 22 लोग घायल

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखंड क्षेत्र के तलावली गांव में स्थित शिव मंदिर पर आयोजित निजी सामूहिक भोज के दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इस अप्रत्याशित घटना से मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मधुमक्खियों के हमले में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों सहित कुल 22 लोग घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार तलावली गांव के शिव मंदिर में निजी सामूहिक भोज चल रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए थे। आयोजन के दौरान किसी कारणवश मंदिर परिसर के पास मौजूद मधुमक्खियों का छत्ता छेड़छाड़ का शिकार हो गया, जिससे मधुमक्खियां आक्रोशित हो गईं और उन्होंने वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। जिससे लोग इधर-उधर भागने लगे।हमले में 9 बच्चे, 6 महिलाएं और अन्य पुरुष घायल हुए हैं। कई लोगों को चेहरे, हाथों और शरीर के अन्य हिस्सों में



डंक लगे, जिससे उन्हें तेज दर्द और सूजन की शिकायत हुई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल एंबुलेंस व निजी वाहन की मदद से चौमहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।चौमहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार वाघेला के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया और आवश्यक दवाइयां दी गईं। डॉक्टरों के अनुसार अधिकांश घायलों की स्थिति स्थिर है और सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। कुछ घायलों को एहतियात के तौर पर निगरानी में रखा गया है।ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डग डॉ. राजकुमार वाघेला ने बताया कि सुचना मिलने पर एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीम मौके पर पहुंची जिसमे मौके पर इलाज शुरू कर दिया था।मधुमक्खी के डंक से एलर्जी या अधिक सूजन की संभावना रहती है, इसलिए समय पर उपचार बेहद जरूरी होता है। अस्पताल स्टाफ द्वारा सभी घायलों की नियमित जांच की जा रही है।

### घायलों के नाम

अंजली व्यास वर्ष 23,हेमानी व्यास 13 वर्ष, रतनलाल 70 वर्ष ,केसरबाई 55 वर्ष,यशपाल 9 वर्ष,देवीका 9 वर्ष,प्रयांशी 8 वर्ष,नेहा 5 वर्ष,गोपाल कुंवर 60 वर्ष,कैलाश कुंवर 55 वर्ष,राजेंद्र सिंह 25 वर्ष,भगवान सिह 30 वर्ष,बालूसिंह 40 वर्ष,दशरथ सिह 35 वर्ष,देवीसिंह 50 वर्ष,भूपेंद्र 8वर्ष,परी 3 वर्ष,आशाबाई 40 वर्ष,देवेंद्र सिह 5वर्ष गुमान सिह 45 वर्ष,ओमपाल सिह 9 वर्ष ।

## चार दिवसीय अहिंसा के रास्ते शिविर में कपासन के शंकरलाल प्रजापत भाग लेंगे

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अहिंसा के रास्ते कार्यक्रम के तहत आयोजित 8 से 12 जनवरी 2026 तक चार दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के समर्पण शिविर में चितौडग़ढ़ जिले से कार्यकर्ता भाग लेंगे।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कर्मस्थली सेवाग्राम वर्धा में चयनित होने पर उक्त शिविर में भाग लेने के लिए चित्तौडग़ढ़ जिले से शहर चितौडग़ढ़ कांग्रेस महासचिव शंभूलाल प्रजापत एवं पूर्व कांग्रेस नगर कपासन अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत द्वारा भाग लिया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि इस अहिंसा के रास्ते पर शिविर में भारत के समस्त प्रदेशों से केवल 80 कांग्रेस पार्टी के चयनित सदस्यों को देश सेवा करने के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम आयोजित



होगा।साथ ही बुनियादी समर्पण एवं संगम शिविर आयोजित किये जाते है।प्रथम स्तरीय बुनियादी शिविर लाहोली स्पीति हिमाचल प्रदेश मे भाग लेने उपरांत द्वितीय स्तरीय समर्पण शिविर हेतु चयनित होने पर शंभूलाल प्रजापत एवं पूर्व नगर कपासन कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत द्वारा उच्च स्तरीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## सेवा और संवेदना की मिसाल बना आयुर्वेद शिविर ग्रामीणों को मिला नि:शुल्क स्वास्थ्य संबल

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सेवा को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए लायन्स क्लब ब्यावर सिटी के तत्वाधान में स्वर्गीय कुसुमलता धर्मपत्नी स्व. फतह सिंह मेड़तवाल की पुण्य स्मृति में निःशुल्क आयुर्वेदिय चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ग्राम पंचायत दुर्गावास स्थित अटल सेवा केन्द्र पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संपन्न हुआ शिविर में पाइल्स (अर्श), मस्सा, भगन्दर (नासूर), फिशर सहित अन्य रोगों से संबंधित निःशुल्क जांच, परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। शिविर में अनुभवी



आयुर्वेदिक चिकित्सक, क्षारसूत्र विशेषज्ञ एवं पूर्व अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद विभाग, संभाग अजमेर डॉ. आर.एस. पचौरी ने सेवाएं प्रदान कीं। उनके साथ नर्सिंग ऑफिसर रविन्द्र सिंह चौहान, टीम सदस्य राकेश सिंह चौहान तथा एसजीवीपी आरोग्यम की ओर से अभिषेक सिंह खंगारोत ने औषध उपलब्ध करवाई डॉ. आर.एस. पचौरी ने उपस्थित ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली, निवारक स्वास्थ्य देखभाल तथा सामान्य रोगों के लिए सरल घरेलू आयुर्वेदिक उपायों की जानकारी दी। शिविर में आने वाले रोगियों को निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण नर्सिंग ऑफिसर रविन्द्र सिंह चौहान द्वारा किया गया तथा दवाओं के सेवन संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया शिविर में कुल 58 रोगियों का पंजीयन कर उन्हें परामर्श व दवाएं उपलब्ध करवाई गईं, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए।

इस अवसर पर लायन्स क्लब ब्यावर सिटी के अध्यक्ष एमजेएफ नरेन्द्र सिंह मेड़तवाल, क्लब सदस्य नन्दलाल भंडारी, सरपंच श्री हरि सिंह रावत, कनिष्ठ लिपिक श्रवण कुमार, समाजसेवी महेंद्र सिंह, पांचू काठात सहित अनेक ग्रामीण पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रहे।आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में निःशुल्क, सुलभ और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है, ताकि जरूरतमंदों को समय पर उपचार मिल सके।

**संजय सरीन मेमोरियल भीलवाड़ा हॉकी लीग 2026 का भव्य समापन**

## खिलाड़ी भीलवाड़ा का नाम गौरवान्वित करें-अशोक कोठारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत आयोजित संजय सरीन मेमोरियल भीलवाड़ा हॉकी लीग 2026 का भव्य समापन समारोह प्रतापनगर स्कूल ग्राउंड पर विधायक अशोक कोठारी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में शहर के 12 विद्यालयों के 120 खिलाडियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन तीनों वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले गए। सब-जूनियर वर्ग में ऋषभ टेक्सटाइल टीम ने श्रीजी पब्लिक स्कूल को 4-2 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इस मुकाबले में कुशल पाल, देव, नीरज राव, विहान बिश्नोई और



कृष्णा भील का शानदार प्रदर्शन रहा। जूनियर वर्ग के फाइनल में ब्रिटि स्कूल ने राइट चॉइस स्कूल को रोमांचक मुकाबले में 5-4 से हराया। इस वर्ग में सोनू यादव, करण मीणा, आदित्य धाकड़, रजत गाडरी और विश्वेंद्र सारस्वत ने उत्कृष्ट खेल दिखाया।

सीनियर वर्ग के फाइनल में वेदांत स्कूल ने सेवा सदन स्कूल को कड़े संघर्ष में 9-7 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।

समापन समारोह में विधायक अशोक कोठारी ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने खिलाडियों से खेलों पर पूर्ण समर्पण के साथ अभ्यास करने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। विधायक कोठारी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु आयोजक अजित जैन एवं विवेक निमावत के सतत प्रयासों की सराहना की और विश्वास जताया कि ये नन्हे खिलाड़ी भविष्य में भीलवाड़ा का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।

समारोह में विचार परिवार के कैलाश डाड, मोहित सरीन, बाबूलाल टाक, अनिल शर्मा, मनोज जी भाईसाहब, गोपाल राज पारिक, गजेंद्र सिंह राठौड़, दिलीप सोनी, दिनेश सुथार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

अंत में विधायक खेल विकास योजना के पाँचों सेंटर्स के कोच—कोमल शर्मा, महेश शर्मा, दिनेश सोलंकी, मनीषा सोलंकी एवं पलक राजपूत का सम्मान किया गया।

## दिनेश कामलिया जिला अध्यक्ष, कृष्णा अग्रवाल जिला महामंत्री नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन से संबद्ध भीलवाड़ा जिला की युवा कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष अमित नागौरी द्वारा की गई एवं साथ में प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश अग्रवाल भी उपस्थित थे। दिनेश कामलिया को जिला अध्यक्ष, कृष्णा अग्रवाल को जिला महामंत्री,जय अग्रवाल को संगठन मंत्री, भरत अग्रवाल को सूचना मंत्री, मनीष कुंपावत को कोषाध्यक्ष, सांस्कृतिक मंत्री सत्य प्रकाश लोहिया, सह सांस्कृतिक मंत्री कमलेश अग्रवाल एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य विवेक अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। युवा जिला अग्रवाल सम्मेलन की प्रथम मीटिंग नाकोडा टावर में संपन्न हुई जिसमें प्रदेश की टीम ने सभी नव नियुक्त सदस्यों का स्वागत एवं सम्मान मोमेंटो, उपरना एवं मेवाड़ी पगड़ी के साथ शपथ दिला कर किया गया। 14 जनवरी को आने वाली मकर संक्रांति पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में प्रदेश की युवा टीम, प्रदेश की महिला टीम, स्थानीय महिला टीम एवं नव नियुक्त युवा टीम के साथ सेवा कार्य करने का सभी ने संकल्प लिया एवं सम्मेलन के कार्यों को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

## श्री पंचमुखी दरबार में जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति के तत्वावधान में श्री पंचमुखी दरबार मंदिर प्रांगण में ठंड से बचाव के उद्देश्य से गरीब एवं निसहाय व्यक्तियों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। सेवा कार्यक्रम के तहत कंबल, जर्सी, स्वेटर एवं टी-शर्ट वितरित कर जरूरतमंदों को राहत पहुंचाई गई। इस अवसर पर श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति के अध्यक्ष महंत लक्ष्मण दास त्यागी ने कहा कि जहां सेवा है, वहीं नारायण का वास है। जरूरतमंद की सहायता करना ही सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने बताया कि भीषण ठंड को देखते हुए नारायण सेवा के अंतर्गत यह वितरण किया गया, ताकि असहाय लोगों को ठंड से बचाया जा सके। समिति के सचिव परेमेश्वर दास ने बताया कि समिति का संकल्प धर्म के साथ सेवा और सेवा के साथ समर्पण है। इसी सिद्धांत को आत्मसात करते हुए यह सेवा कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि समिति आगे भी निरंतर सेवा कार्य करती रहेगी तथा आगामी समय में बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण पहल करने की योजना है। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद दास सहित अजय रामदास, बृजमोहन दास, प्रेमदास, गोपाल दास, मुकंद दास सहित अनेक संतगण एवं सेवाभावी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नगर कांग्रेस कमेटी कपासन की नवीन कार्यकारिणी का हुआ का गठन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कपासन नगर कांग्रेस कमेटी की नवीन कार्यकारिणी का मनोनयन किया गया है।जिसमे अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा,महासचिव भूपेश गोठवाल,उपाध्यक्ष प्रकाशचन्द्र व्यास,सूर्यप्रकाश सिरोया,सुआलाल बारेगामा,अब्दुल गफ्फार,हरीश जायसवाल,महासचिव मनीष उपाध्याय, नन्दलाल बारेगामा,अमित मोदी,हरलाल जटिया, राजेन्द्र आचार्य,सचिव पद पर रोहित कोदली,मुनीर खान,हिम्मत कोदली,मनीष सोनी,इल्यास पुवार, प्रवीण बारेगामा,जसवन्त जायसवाल,देवेंद्र सेन,मुकेश गुर्जर एवं युवा नेता रवि सोनी,प्रवक्ता मधुसूदन कुमावत,सोशल मीडिया प्रभारी पुलकित डीडवानिया सहित कार्यकारिणी सदस्य में नन्दकिशोर चौहान,युवा नेता मोहम्मद शेर अंसारी,इकबाल नीलगर,लक्ष्मीलाल राव,अधिवक्ता विनय खटीक,नारायणलाल पुर्बीया, दीपक को मनोनीत किया गया है।

## कंजर समाज को मुख्यधारा में लाने की कवायद भूमिहीनों के लिए कृषि भूमि आवंटन की मांग



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** कंजर समाज को अपराध की दुनिया से दूर कर समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए प्रदेश स्तर पर प्रयास तेज हो गए हैं। कंजर समाज और मध्य प्रदेश ओर राजस्थान पुलिस के बीच गंगधार थाना परिसर में हुई बैठक कंजर समाज महापंचायत संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष ग्यारसीलाल गोगावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर झालावाड़ जिले के गंगधार उपखंड क्षेत्र में निवासरत भूमिहीन कंजर परिवारों को राजकीय कृषि भूमि आवंटित करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया गया कि गंगधार के टोकड़ा, कोल्वा, मुंडला, लाखा खेड़ी, हाजडिय़ा, रावतपुरा, पीपलिया खुर्द, अरनिया और बामनदेवरिया जैसे गांवों में कंजर समाज के करीब 350 परिवार लंबे समय से रह रहे हैं। आजादी से पहले इनके पूर्वज खेती करते थे, लेकिन समय बीतने के साथ जमीनें या तो वन विभाग में चली गईं या दबंगों के कब्जे में आ गईं। वर्तमान में इन परिवारों के पास रोजगार का कोई साधन नहीं है, जिससे ये मुख्यधारा से पिछड़ रहे हैं।?पुलिस की पहल: अपराध छोडऩे की दिलाई शपथ ?एक ओर जहां जमीन की मांग उठ रही है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन भी सक्रिय है। राजस्थान और मध्य प्रदेश पुलिस ने संयुक्त रूप से कंजर समुदाय के डेरों पर जाकर समझाइश की। पुलिस अधिकारियों ने समाज के लोगों को अपराध का रास्ता त्यागने और सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान समाज के युवाओं और बुजुर्गों को अपराध से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। इधर नवीन कार्यकारिणी गठन पर क्षेत्रीय कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

## स्तन व गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** प्रभारी राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय सरदार नगर डॉ. सरफराज अली खान ने बताया कि उपखंड अधिकारी बनेड़ा श्रीकान्त व्यास तथा उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग भीलवाड़ा डॉ. महाराज सिंह के निर्देशानुसार आयुर्वेद विभाग एवं समेकित बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जागरूकता हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## चुनाव आयोग बोला- उसे एसआईआर कराने का पूरा अधिकार

### सुप्रीम कोर्ट में कहा- कोई विदेशी वोटर लिस्ट में न रहे ये हमारी जिम्मेदारी, संविधान में इसका जिक्र

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि उसे वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेसिव रिविजन कराने का पूरा अधिकार है। आयोग ने यह भी बताया कि उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है कि कोई भी विदेशी नागरिक वोटर लिस्ट में शामिल न हो। सुप्रीम कोर्ट उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिनमें कई राज्यों में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती दी गई है। इन याचिकाओं में चुनाव आयोग की शक्तियों, नागरिकता की पहचान और वोट देने के अधिकार से जुड़े सवाल उठाए गए हैं। चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच के सामने दलीलें पेश कीं।

**वोटर लिस्ट को सही और साफ रखना हमारा काम**

द्विवेदी ने कहा कि संविधान के अनुसार राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और जज जैसे सभी प्रमुख पदों पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिक होना अनिवार्य शर्त है। भारत का संविधान नागरिक-केंद्रित है, इसलिए हर अहम पद पर केवल भारतीय नागरिक ही रह सकता है। इसी तरह चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वोटर लिस्ट में सिर्फ योग्य भारतीय नागरिकों के नाम ही दर्ज हों।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री कलमाड़ी का 81 की उम्र में निधन

### एयरफोर्स में पायलट थे; कॉमनवेल्थ गेम्स में भ्रष्टाचार को लेकर विवाद, जेल भी जाना पड़ा

बढ़ता राजस्थान

**पुणे (एजेंसी)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 81 साल के थे। कलमाड़ी को पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे अंतिम सांस ली। कलमाड़ी के आधिकारिक कार्यालय के मुताबिक उनका पार्थिव शरीर दोपहर 2 बजे तक कलमाड़ी हाउस एरंडवणे में रखा जाएगा। उनका शाम 5.15 बजे पुणे के वैकुंठ श्मशान में अंतिम संस्कार किया गया।

सुरेश शामराव कलमाड़ी का जन्म 1 मई 1944 को हुआ था। कलमाड़ी पुणे लोकसभा सीट से 3 बार सांसद चुने गए। राजनीति के साथ-साथ वे खेल प्रशासन के लिए भी जाने जाते रहे। भारतीय ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष थे। 2010 में दिल्ली में हुए ग्लोबल इवेंट कॉमनवेल्थ गेम्स की आयोजन समिति के चेयरमैन भी थे। कलमाड़ी ने रेल राज्य मंत्री के रूप में भी काम किया था।

## अमित शाह को हत्यारा कहने पर राहुल गांधी तलब

### सुल्तानपुर कोर्ट ने कहा- 19 जनवरी को पेश हों; सफाई देने का मौका मिलेगा

बढ़ता राजस्थान

**सुलतानपुर (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मंगलवार को सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। करीब 40 मिनट चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने राहुल गांधी को तलब किया है। उन्हें 19 जनवरी को कोर्ट में हाजिर होने के लिए कहा है। राहुल गांधी के वकील काशी शुक्ला ने गवाह राम चंद्र दुबे से जिरह पूरी की। शिकायतकर्ता विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने कहा- अब हमारी तरफ से कोई गवाह पेश नहीं किया जाएगा। जस्टिस शुभम वर्मा ने धारा 313 के तहत राहुल गांधी को तलब किया है। उन्हें खुद कोर्ट में आना होगा। इसका मतलब है कि अदालत राहुल को अपने खिलाफ आए सबूतों पर सफाई देना चाहती है। ताकि बिना सुने किसी को दोषी न ठहराया जाए। राहुल के खिलाफ यह मामला 7 साल पहले कर्नाटक में अमित शाह के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़ा है। राहुल ने 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान कहा था कि जो पार्टी ईमानदारी की बात करती है, उसका अध्यक्ष हत्या का आरोपी है। इसके बाद सुल्तानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्र ने 4 अगस्त, 2018 को राहुल के खिलाफ मानहानि का केस दायर किया था।

## गुजरात-कर्नाटक में 7 कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

### यूपी में ट्रेन में बम की खबर, इंस्पेक्टर ने डंडे से खींचा संदिग्ध बैग; केरल में 12 देसी बम बरामद

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। गुजरात की छह कोर्ट, उत्तर प्रदेश के मऊ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और कर्नाटक के मैसुरु जिला कोर्ट को धमकी दी गई। सभी मामलों में पुलिस और बम स्क्वॉड ने मौके पर जांच की, लेकिन किसी भी कोर्ट या ट्रेन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, केरल के कन्नूर जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किए हैं। सभी मामलों की जांच की जा रही है।

**गुजरात में 6 कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी**

गुजरात में हाईकोर्ट और 5 लोकल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली। सूरत की कोर्ट के ऑफिशियल ईमेल पर सोमवार रात 2 बजे धमकी भरा ईमेल आया था। सुबह जब कर्मचारियों ने ईमेल चेक किया तो पुलिस को सूचना दी। आणंद, राजकोट, अहमदाबाद और भरूच के सेशन कोर्ट को इसी तरह का ईमेल मिला। हालांकि, बम स्क्वॉड की जांच में कोर्ट से कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, यह धमकी एलटीटीई (लिबरेशन टाइगर ऑफ तमिल ईलम) के नाम से दी गई है।

## थाईलैंड और राजस्थान के बीच पर्यटन के क्षेत्र में अपार सम्भावनाएं- मुख्य सचिव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मंगलवार को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से थाईलैंड की भारत में राजदूत सुचवनार्ट थांगसुम्फंत ने भेंट की। थाईलैंड की राजदूत सुचवनार्ट थांगसुम्फंत ने बताया कि थाईलैंड और भारत के बीच ऐतिहासिक सांस्कृतिक सम्बंध रहे हैं। इन्हें पर्यटन के माध्यम से विकसित किया जा सकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान और थाईलैंड के बीच पर्यटन सहयोग में नवीनतम तकनीक व नवाचार की अपार सम्भावनाएं हैं। इन्हें आपसी सहयोग से नए दौर में ले जाने का प्रयास किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री शर्मा की केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी से मुलाकात

### जयपुर की उत्तरी रिंग रोड, जयपुर से अमृतसर और जामनगर कॉरिडोर के क्रियान्वयन पर हुई गहन चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। श्री शर्मा ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री से जयपुर की उत्तरी रिंग रोड एवं जयपुर से अमृतसर तथा जामनगर कॉरिडोर के क्रियान्वयन पर गहन चर्चा की। साथ ही, राजस्थान में विभिन्न राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में भी विस्तृत समीक्षा की। बैठक में भिवाड़ी में जल भराव की समस्या के समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस संबंध में बताया गया कि जल भराव की समस्या के समाधान के दृष्टिगत सीईटीपी का निर्माण हो चुका है। वहीं, शीघ्र एसटीपी का निर्माण भी किया जाएगा।



**केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री से यमुना जल समझौते पर चर्चा**-मुख्यमंत्री श्री शर्मा और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल के आवास पर मुलाकात की। इस दौरान यमुना जल समझौते के अंतर्गत जल प्रबंधन और अग्रिम कार्य योजना, पेयजल सहित विभिन्न परियोजनाओं पर सार्थक चर्चा हुई।

## रिटेल लोन बना ग्रोथ इंजन, वित्त वर्ष 2026 में बैंक क्रेडिट में 7% से ज्यादा की बढ़ोतरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत में बैंक कर्ज की वृद्धि (बैंक क्रेडिट ग्रोथ) मजबूत बनी हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले आठ महीनों में, यानी नवंबर के अंत तक, कुल बैंक कर्ज 7 प्रतिशत बढ़कर 1,95,273 अरब रुपए हो गया है। इस बढ़ोतरी की सबसे बड़ी वजह रिटेल लोन की मांग में इजाफा होना है।

क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षित रिटेल लोन बढ़े, रिटेल कर्ज की हिस्सेदारी एक-तिहाई पहुंची, जबकि आरबीआई की सख्ती से अनसिक्योर्ड लोन की रफ्तार धीमी पड़ी

मंगलवार को जारी क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षित रिटेल लोन खासकर होम लोन और गोल्ड लोन, नए कर्ज का बड़ा हिस्सा बन रहे हैं।

**वीबी-जी-राम-जी पर क्यों बेचैन है विपक्ष**

## सीएम योगी बोले- पुराने पाप खुलने का सता रहा डर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन अधिनियम के विरोध को लेकर भारत गुट की कड़ी आलोचना की और कहा कि अगर वे इस कानून का समर्थन करते हैं तो उनके पुराने कुकर्म उजागर हो जाएंगे। इस अधिनियम को एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक सुधार साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस इसलिए बुलाई गई है क्योंकि जिन लोगों पर वर्षों से देश के संसाधनों को लूटने का आरोप



है, वे अब बेनकाब होने से चिंतित हैं। मुख्यमंत्री योगी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि आज की हमारी प्रेस कॉन्फ्रेंस प्रधानमंत्री द्वारा संसद के हालिया शीतकालीन सत्र के दौरान उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों के बारे में है... इस संबंध में एक महत्वपूर्ण अधिनियम पारित किया गया है, जिसे वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 के नाम से जाना जाता है।

# मोदी ट्रम्प के आगे क्यों झुक रहे : खड़गे

### उन्हें सिर हिलाने के लिए पीएम नहीं चुना; वेनेजुएला में बने हालात ठीक नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों को लेकर सोमवार को पीएम मोदी पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा- मैं नहीं समझ पा रहा कि मोदी ट्रंप के सामने क्यों झुक रहे हैं। यह देश के लिए ठीक नहीं है। आपको देश के लिए खड़ा होना चाहिए। देश ने आपको प्रधानमंत्री सिर हिलाने के लिए नहीं चुना। दरअसल खड़गे का बयान ट्रम्प के दावे पर आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि रूस से तेल आयात पर अमेरिकी नाराजगी के बाद भारत ने तेल खरीद घटाई, क्योंकि मोदी मुझे (ट्रम्प) खुश करना चाहते थे। खड़गे ने वेनेजुएला की स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा- वहां बन रहे हालात दुनिया के लिए अच्छे नहीं हैं। डराने और विस्तारवादी नीति ज्यादा समय तक नहीं चलती। हिटलर और मुसोलिनी जैसे लोग इतिहास बन चुके हैं। वैश्विक शांति बिगाड़ने वाली सोच ठीक नहीं है।



**कांग्रेस के 3 सवाल...**

- क्या भारत की विदेश नीति अब अमेरिका तय कर रहा है?
- क्या रूस से तेल आयात घटाने का फैसला ट्रम्प को खुश करने के लिए लिया गया?
- ट्रम्प की धमकियों और दावों पर मोदी चुप क्यों हैं?

**भारत-पाक शांति दावे पर तंज**

खड़गे ने ट्रम्प के उस दावे पर भी सवाल उठाया, जिसमें वे बार-बार भारत और पाकिस्तान के बीच शांति कराने की बात कहते हैं। खड़गे बोले- ट्रम्प कम से कम 70 बार कह चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाक के बीच शांति कराई। क्या इसका मतलब है कि दुनिया उनके आगे झुक जाए? दुनिया नहीं झुकेगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के रूस से तेल आयात कम करने को लेकर बयान दिया। ट्रम्प ने कहा- भारत ने यह फैसला उन्हें खुश करने के लिए लिया।

वे मुझे खुश करना चाहते थे। प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं। वह जानते थे कि मैं खुश नहीं था, इसलिए मुझे खुश करना जरूरी था। हम व्यापार करते हैं और उन पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं। दरअसल, यूक्रेन युद्ध के बाद भारत रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार बन गया था। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया था कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन पर हो रहे हमलों को फंड कर रहा है। इसे लेकर ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर 25% टैरिफ भी लगाया था।

# जिस देश को हमने बनाया, वही आज खिलाफ : अशोक गहलोत

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर बर्बरता को बताया केंद्र की कूटनीतिक विफलता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ हो रही बर्बरता की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पीएम मोदी से हस्तक्षेप करने की मांग की है। गहलोत ने एक्स पर लिखा- बांग्लादेश से आ रही हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ बर्बरता की खबरें विचलित करने वाली हैं। महज 19 दिनों में 5 हिंदुओं की हत्या और वहां महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार मानवता पर कलंक है।

गहलोत ने लिखा- 1971 के उस दौर की यादें आज भी ताजा हैं, जब इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने न केवल कूटनीतिक कड़ापन दिखाया था, बल्कि अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से इतिहास और भूगोल दोनों बदल दिए थे। उन्होंने अमेरिका जैसी महाशक्ति तक की परवाह नहीं की, जिसने भारत के खिलाफ अपना सातवां बेड़ा रवाना कर दिया था।

**भाजपा सरकार में कोई जवाबदेही नहीं बची**

उन्होंने आगे भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए लिखा- भाजपा सरकार सिर्फ प्रचार और खुद की वाहवाही करने के लिए विज्ञापनों पर करोड़ों रुपए बहा रही है। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद जनता पूछ रही है कि आखिर क्या परिणाम निकला इस सरकार में कोई जवाबदेही नहीं बची है। आखिर कब तक प्रदेश की जनता के पैसे को ऐसे उड़ाया जाता रहेगा और इसकी जवाबदेही कब तय होगी.



**राइजिंग राजस्थान-प्रवासी राजस्थानी दिवस का नाटक हो चुका फेल**

गहलोत ने डिजिफेस्ट समिट को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। गहलोत ने लिखा- राजस्थान में आज प्रशासनिक और सरकारी अराजकता का आलम यह है कि न कहने वाला है न देखने वाला है। प्रदेश की जनता के हक के पैसे की ऐसी बर्बादी पहले कभी नहीं देखी गई। इनको पूछो, आखिर जनता को क्या मिला राइजिंग राजस्थान और प्रवासी राजस्थानी दिवस का नाटक फेल हो चुका है। इनमें निवेशक नदारद दिखे। खेलो इंडिया गेम्स में खिलाड़ियों की दुर्दशा हुई और न प्रतिभागी आए न ही दर्शक। अब डिजिफेस्ट में अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा।

## जयपुर में उमराह यात्रा के नाम पर ठगने वाला गिरफ्तार

### फर्जी हवाई टिकट देकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की; पढ़े क्राइम की खबरें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उमराह (धार्मिक तीर्थ यात्रा) पर भेजने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर फर्जी हवाई टिकट देकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। डीसीपी साउथ करन शर्मा ने बताया- 2 जनवरी को पीड़ित शाहनवाज पुत्र इकबाल बैग सहित 8-9 अन्य व्यक्तियों ने थाना सुभाष चौक में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि मोईन और मुब्बशीर पुत्र जुबेर अहमद स्वयं को अधिकृत ट्रैवल एजेंट और टिकट बुकिंग सेवा से जुड़ा बताकर उमराह यात्रा के इच्छुक लोगों से नकद, बैंक ट्रांसफर और ऑनलाइन माध्यम से बड़ी रकम वसूल की।

**फर्जी टिकट थमाकर की गई धोखाधड़ी**

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पीड़ितों को उमराह यात्रा के लिए फर्जी हवाई टिकट उपलब्ध कराए, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ। इस संबंध में थाना सुभाष चौक पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

## बांग्लादेश के बाद नेपाल में भी हिन्दू निशाने पर! भारत से सटे बीरगंज में हालात बेकाबू होने के बाद लगा कर्फ्यू

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें तो लगातार सामने आ ही रही हैं साथ ही अब नेपाल में बहुसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाये जाने की खबरें भी आने लगी हैं। हम आपको बता दें कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियोज में मुसलमानों को अपने घरों की छतों से हिंदुओं पर पत्थर बरसाते हुए देखा जा सकता है। हम आपको बता दें कि नेपाल के भारत से सटे सीमावर्ती शहर बीरगंज में इस समय हालात बेकाबू हो गये हैं। शहर के कई हिस्सों में तनाव, आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाओं के बाद प्रशासन को कर्फ्यू लागू करना पड़ा है। हम आपको बता दें कि यह इलाका भारत नेपाल सीमा के बेहद नजदीक है, जिस कारण





हालात की गंभीरता और बढ़ गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूरे विवाद की शुरुआत एक सोशल मीडिया वीडियो से हुई, जो टिकटॉक पर तेजी से वायरल हुआ। इस वीडियो में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री होने का आरोप लगाया गया, जिसके बाद स्थानीय समुदायों में भारी आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आये और मामला सांप्रदायिक तनाव में बदल गया।

हम आपको बता दें कि हालात तब और बिगड़ गये जब कुछ इलाकों में धार्मिक स्थलों के साथ तोड़फोड़ की खबरें सामने आयीं। इसके बाद प्रदर्शन हिंसक हो गये। दुकानों को नुकसान पहुंचाया गया, टायर जलाये गये और मुख्य सड़कों को जाम कर दिया गया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें भी हुईं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।